तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 26.1 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025



रेलवे स्टेशन के पास डिवाइडर हटाए जाते ही आटो स्टैण्ड खुल गया है।



## खबर संक्षेप

### राजस्व पखवाड़ा: आज 6 गांवों में लगेंगे शिविर

**बिलासपुर।** राजस्व पखवाड़ा के तहत जिले में 10 अप्रैल को बिल्हा तहसील में घोघरा एवं पोड़ी (ह.), सीपत तहसील में उड़ागी, सकरी तहसील मे निरतू, खरगहना एवं छतौना में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए बैठक आज

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं समाजसेवी एवं संस्कृतिधर्मी शिवप्रताप साव जन्मदिवस पर थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार द्वारा भारत गौरव अलंकरण समारोह के परिपेक्ष्य में विशेष बैठक 10 अप्रैल को शाम 5 बजे से आयोजित की जा रही है। यह बैठक सत्संग भवन गेंदराम साव मार्ग बनिया पारा जूना बिलासपुर में होगी।

### न्यायालय परिसर में रामायण पाठ आज

**बिलासपुर।** जिला न्यायालय परिसर हनुमान मंदिर में पिछले 35 वर्षों से लगातार अखंड पाठ रामायण पाठ का आयोजन श्री हनुमान जन्मोत्सव पर किया जाता है। इसके तहत 35 वर्ष में पुनः अखंड मानस पाठ का आयोजन 11 अप्रैल को सुबह 10 बजे अधिवताओं व प्रतिष्टित विद्वान पंडितों द्वारा पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया जाएगा।

### जिपं में 15 को होगा सभापतियों का चुनाव

**बिलासपुर।** जिला पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव के बाद अब जिला पंचायत के विभिन्न स्थायी समितियों के सभापति व सदस्यों के लिए चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। इन स्थायी समितियों के सभापति एवं सदस्यों के चुनाव के लिए 15 अप्रैल की तिथि फाइनल हो गया है और समितियों के चुनाव के लिए एडीएम शिव कुमार बनर्जी को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत कोटा, बिल्हा एवं तखतपुर के स्थायी समिति के सदस्यों एवं सभापतियों का चुनाव होगा। इसमें जनपद पंचायत कोटा, जनपद पंचायत बिल्हा में 16 अप्रैल को चुनाव होगा।

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 15 को

**बिलासपुर।** आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षक संस्था कोनी के सीओई भवन में 15 अप्रैल को 9.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर व्हीकल मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक, वेल्डर इलेक्ट्रानिक्स, टर्नर, आइसीटीएसएम एवं कोपा उत्तीर्ण अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में संपर्क कर सकते हैं।

# पहले मिलते थे 5 लाख, अब आत्मानंद स्कूलों के पास चाक- डस्टर खरीदने तक के पैसे नहीं, डेढ़ साल से उधारी में चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




अलग खबर

प्रदेश के 751 और जिले के 34 आत्मानंद स्कूल वर्तमान समय में बड़ी वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। इन स्कूलों के पास छोटी-छोटी जरूरतों का समान खरीदने के लिए भी फंड नहीं हैं। स्कूलों के प्रबंधन को दुकानदारों सामने चॉक- डस्टर समेत स्कूलों की आवश्यकता वाली बेहद जरूरत की चीजों उधारी के लिए हाथ फैलाना पड़ रहा है। दरअसल प्रतिवर्ष इन कामों को पूरा करने के लिए स्कूलों को 5 लाख रुपए मिलते थे, लेकिन नई सरकार बनने के बाद पिछले डेढ़ साल से इसके लिए बजट दिया ही नहीं जा रहा। अब जबकि पूरा साल बीतने का आया, तब जाकर हर स्कूल को केवल 79-79 हजार रुपए दिए गए हैं। स्कूल के प्राचार्यों का कहना है कि यह राशि तो पिछली उधारी चुकाने में चली गई। उल्लेखनीय है कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में बच्चों से भी किसी तरह की फीस नहीं ली जाती है।

पिछली सरकार ने वर्ष 2020 में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रदेशभर के 751 सरकारी स्कूलों को ऑटोनोमस (अनुदान प्राप्त) व्यवस्था के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में बदल दिया था और उनके संचालन के लिए प्रत्येक जिला के कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति को जिमेदारी दे दी गई। इसके बाद स्कूलों के संचालन के लिए सामान्य प्रशासन की ओर से अलग से बजट दिया जाता रहा है। अब लेकिन नई सरकार आत्मानंद स्कूलों को सरकारी व्यवस्था के अंतर्गत संचालन चाहती है। इसके लिए फाइल भी चल रही है, जो विभागों में घूम रही है। इस मामले में लेकिन कोई भी फैसला नहीं हो पा रहा। इस कारण आत्मानंद स्कूलों को बजट मिलने की समस्या आ रही है।

### 35 करोड़ का बजट मांगा मिले केवल 7 करोड़

स्कूल शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक स्वामी आत्मानंद स्कूलों के लिए 35 करोड़ का बजट सामान्य प्रशासन से मांगा गया था, जिससे जरूरत के अनुसार 5-5 लाख रुपए भी स्कूलों को दिए जा सकें। स्कूल शिक्षा विभाग को लेकिन मात्र 7 करोड़ मिले। इस राशि को प्रदेशभर 751 स्कूलों में 79-79 हजार रुपए भेज दिए गए, जो खर्च सामने ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ। दूसरी ओर प्रदेश में जब से 751 आत्मानंद स्कूल अस्तित्व में आए हैं तब से लेकर आज तक एक भी स्कूलों का ऑडिट नहीं हो सका है। इस कारण कुछ दिन पहले शासन स्तर पर यह भी सुगबुगाहट हुई थी कि पहले सभी स्कूलों का ऑडिट कराया जाएगा। इसके बाद आगे के लिए फंड जारी किया जाएगा।

- पहले हर साल मिलता था 5 लाख, इस बार डेढ साल में मिला सिर्फ 79 हजार
- अब आत्मानंद स्कूलों को छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ रहा

### डीएमएफ से भी जारी नहीं हो रही है राशि

ध्यान रहे कि आत्मानंद स्कूलों को पहले डीएमफ मद से राशि जारी की जाती थी लेकिन सरकार बदलने के बाद से अब इस मद से राशि जारी नहीं हो रही है। इस कारण अब आत्मानंद स्कूलों को छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ रहा है। जिले में ही कुल 34 आत्मानंद स्कूल हैं। इसमें 18 तो 16 हिंदी माध्यम के हैं। कुल दर्ज संख्या करीब 10 हजार के करीब है। वहीं अगर प्रदेश की बात करें तो 751 स्कूलों की हिसाब से छात्रों की संख्या 5 लाख से ज्यादा है। खास बात है कि बाकी सरकारी स्कूलों की तरह आत्मानंद स्कूल में छात्रों से एडमिशन शुल्क नहीं लिया जाता है। एक बार स्कूल में दाखिला होने के बाद 12वीं तक की कक्षा तक निशुल्क पढ़ाई होती है।

### आंसरशीट खरीदने के लिए भी राशि नहीं मिल रही

इन स्कूलों में पिछले साल भर से अधिक समय से फंड की समस्या है। यहां तक की जब अर्धवार्षिक परीक्षा आत्मानंद स्कूलों समेत सभी सरकारी स्कूलों में शुरू हुई, जिसमें आंसर शीट बच्चों के मंगाई गई। यह संबंध जब आत्मानंद स्कूलों के जानकारी गई, तो पता चला की स्कूल प्रबंधन के पास आंसर शीट खरीदने के लिए फंड ही नहीं है। इसलिए बच्चों से आंसर शीट मंगाई जा रही है। दरअसल अर्धवार्षिक परीक्षा में आंसर शीट उपलब्ध कराने की जिमेदारी स्कूलों की ही होती है। डीईओ ऑफिस से इसके लिए कोई बजट नहीं मिलता है। हालांकि अधिकारियों की ओर से लगातार दावा किया जा रहा है कि स्कूलों फंड जल्द ही जारी किया जाएगा।

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| कुल आत्मानंद स्कूल | 751 |
| इंग्लिश मीडियम | 403 |
| हिन्दी मीडियम | 348 |

### स्कूलों को भेजी गई राशि

सरकार की ओर से जो भी राशि आबंटित की गई थी, वह स्कूलों में भेज दी गई है। जरूरत के मुताबिक और भी बजट दिया जाएगा।

- **अनिल तिवारी**, जिला शिक्षा अधिकारी

- कोयले से लदी गाड़ियों के लिए हजारों लीटर पानी यूं ही बहाया जा रहा
- निर्माणाधीन भवनों में हजारों लीटर पानी सींचने के नाम पर बरबाद हो रहे





# बूंद-बूंद बचाने चला रहे अभियान, यहां बहाया जा रहा लाखों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में लगातार जल स्तर गिर रहा है। कलेक्टर ने नलकूप खनन पर जहां प्रतिबंध लगा दिया है तो वहीं जिले को जला अभाव भी घोषित कर दिया है। इसके बाद भी लेकिन पानी की बरबादी नहीं रुक रही है। कार वाशिंग पर सख्ती की गई है, लेकिन इसका असर नहीं दिख रहा है। इसके अलावा बिलासपुर-रतनपुर मार्ग में रोजाना कोयले से लदी गाड़ियों के लिए हजारों लीटर पानी यूं ही बहाया जा रहा है। निर्माणाधीन भवनों में हजारों लीटर पानी सींचने के नाम पर बरबाद हो रहे हैं तो टूटी टोंटियों से बहकर सैकड़ों लीटर पानी बरबाद हो रहा है। इस तरफ भी ध्यान दिया गया तो लाखों लीटर पानी बच सकता है और नहीं तो शायद बचाने के लिए भी पानी नहीं बचेगा।

गिर रहे जलस्तर के साथ ही विकासखण्ड बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर एवं कोटा को तत्काल प्रभाव से पानी के कमी वाला क्षेत्र घोषित किया गया है। दरअसल राज्य सरकार ने भी गिरते जल स्तर पर चिंता जताते हुए एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि बिल्हा 89.17% भूजल दोहन के साथ और तखतपुर 70.84% भूजल उपयोग के साथ सेमी-क्रिटिकल जोन में आ चुके है। ट्यूबवेल से पानी खींचना, बारिश का पानी पर्याप्त रूप से जमीन में नहीं जाने से ग्राउंड वाटर का रिचार्ज नहीं होना, शहरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बोरिंग से भी वाटर लेवल में कमी हो रही है।

### कोयला चोरी के लिए पानी डालते हैं ट्रकों में

कोयले से लदी गाड़ियों के लिए हजारों लीटर पानी यूं ही बहाया जा रहा है। खासकर चकरभाठा हिर्री माइंस वाला क्षेत्र, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग से रोज कोयले से भरी सैकड़ों गाड़ियां गुजरती है। वाहनों के ड्राइवर इन जगहों में गाड़ियां रोकते हैं और कोयले की चोरी कर उसमें पानी डालकर वजन की भरपाई करते हैं। इतना ही नहीं गाड़ियों को धोने में भी हजारों लीटर पानी बरबाद कर रहे हैं। रानीगांव के पास कृषि उपयोग के नाम पर ट्यूबवेल खुदवाया गया और उसका इस्तेमाल गाड़ियों को धोने और कोयले में पानी डालने के लिए किया जा रहा है। इस मार्ग में ऐसे 3 से 4 स्थानों में यही काम खुलेआम किया जा रहा है। दरअसल बिलासपुर रतनपुर मुख्य मार्ग में बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी होती है। कोरबा से बिलासपुर होकर जाने वाली गाड़ियां इन जगहों पर रुकती है और ड्राइवर गाड़ियों से कोयला चोरी कर रास्ते में बने कोल डिपो में बेच देते हैं। इसके बाद वजन बराबर करने के लिए गाड़ियों में पानी डाल देते हैं। कार्रवाही नहीं होने से यह धंधा यहां सालों से फल फूल रहा है।

### सर्विसिंग सेंटरों में हजारों लीटर पानी बरबाद

शहर के विभिन्न स्थानों में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे धुलाई सेंटरों में प्रतिदिन हजारों लीटर साफ पानी को बबार्द किया जा रहा है। निगम और प्रशासन ने इन्हें नोटिस भी जारी किया है इसके बाद भी सर्विसिंग सेंटरों पर लगाम नहीं है। संचालकों द्वारा बेरोकटोक वाहनों की धुलाई के नाम पर हजारों लीटर पानी सड़कों और नालियों में बहाया जा रहा है। इन धुलाई सेंटरों में पचास से तीन सौ रुपए में गाड़ी धोने के नाम पर हजारों लीटर पीने का मीठा पानी बर्बाद कर दिया जाता है। एक सर्विस सेंटर में कार धुलाई पर 150 से लेकर 200 लीटर और दोपहिया वाहन पर 80 लीटर पानी बहाया जा रहा है। एक सर्विस सेंटर में एक दिन में औसतन 15 से 20 बाइक और चार से पांच चार पहिया वाहन धोए जाते हैं। इस लिहाज से जिले भर में धुलाई सर्विस सेंटरों पर एक सप्ताह में लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

### नलों में टोंटिया नहीं, व्यर्थ बह रहा हजारों लीटर पानी

नलों में टोंटिया नहीं होने और पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण भी रोजाना हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जा रहा है। इसके चलते पानी की किल्लत कई स्थानों पर बनी हुई है। उप नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल का संकट है। कई स्थानों पर गर्मी में टैंकर के माध्यम से जल वितरण कराया जा रहा है। हालांकि अवैध नल कनेक्शनों पर किसी का ध्यान नहीं है। कुछ महीने पहले निगम सीमा में शामिल हुए 15 गांवों में अवैध नल कनेक्शन का पता लगाने के लिए सर्वे करने की बात थी लेकिन उस पर काम नहीं किया जा सका। जल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में अवैध कनेक्शन के लिए जितने भी छेद किए गए हैं, उन्हें बंद करने की योजना बनाई गई थी। कुछ जगहों पर अभियान चलाने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### बरती जा रही है सख्ती

आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चत की जा रही है। बिना पूर्वानुमति कोई नया नलकूप खनन नही किया जा सकेगा। पानी की बरबादी रोकने हरसंभव प्रयास भी किए जा रहे हैं। सख्ती भी बरती जा रही है।

- **अवनीश शरण**, कलेक्टर

# समाज में नशे की प्रवृति बढ़ना चिंतनीय, इसे रोकने कड़े कदम उठाने होंगे: राज्यपाल

**बिलासपुर।** राज्यपाल रमेन डेका लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित मध्यदेशीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विमल कुमार गुप्ता ने की। विधायक अमर अग्रवाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। राज्यपाल श्री डेका ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से राज्यपाल ने जिले में राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन आयोजित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने व्यापार के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए महासभा की सराहना की। उनके सेवा कार्य को अन्य समाज के लिए अनुकरणीय बताया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि समाज में नशे की प्रवृति बढ़ना चिंतनीय है। इसे रोकने के लिए शासन-प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे। अन्यथा युवा पीढ़ी भटक कर गलत रास्ता चुन लेगी। उन्होंने कहा कि समाज के लिए मैने क्या किया, इस पर विचार करना चाहिए न कि इस बात पर कि समाज ने मुझे क्या दिया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम पर जारी अभियान के अंतर्गत सभी को सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने टीबी मुक्त अभियान से सभी समाजों को जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें बड़े-बड़े कामों पर नहीं बल्कि छोटे-छोटे कामों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बदलते समय के अनुरूप अपने आप को ढालने के लिए अनुकूलन पर जोर दिया।

- राज्यपाल डेका मध्यदेशीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए



### समाज मजबूत होने पर देश भी मजबूत होगा: अमर

विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि बैठक में आज समाज की प्रगति और कमियों को दूर करने के लिए मंथन हुआ है, इसका आगामी दिनों में समाज सहित देश को जरूर लाभ मिलेगा। मध्यदेशीय वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विमल कुमार गुप्ता ने कहा कि लगभग सवा सौ साल पुरानी मध्यदेशीय वैश्य महासभा का छत्तीसगढ़ में प्रथम सम्मेलन आयोजित हुआ है। उन्होंने सबके सहयोग और सहभागिता से किये जा रहे सामाजिक सेवा कार्यों से सभा को अवगत कराया। मध्यदेशीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

# दिन में तपिश, रात में उमस ने बढ़ाई बेचैनी

**बिलासपुर।** आसमान में छाई बदली ने मौसम में एक बार फिर बदलाव तो कर दिया, लेकिन राहत मिलने की बजाए लोगों को उमस से खासी परेशानी होने लगी है। आमतौर पर हल्की बदली छाने से धूप का असर तो कम हुआ है, लेकिन घर के भीतर चिपचिपी गर्मी से परेशानी बढ़ गई है। शहर में बुधवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहने के कारण धूप का असर अन्य दिनों की तुलना में थोड़ा कम महसूस किया गया। राहत की बात की जाए तो बदली बारिश वाला मौसम होने के बाद भी राहत नहीं मिली है। बीते दो दिनों के भीतर शहर में न्यूनतम तापमान भी तेजी से बढ़ चुका है। शहर में दिन का तापमान जहां 38.8 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच चुका है, वहीं न्यूनतम तापमान में भी 26 डिग्री तक की बढ़त दर्ज की गई है।



मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में न्यूनतम तापमान की स्थिति पर नजर डाली जाए, तो बिलासपुर का न्यूनतम तापमान प्रदेश में सर्वाधिक है। यही कारण है कि लोगों को रात में पंखे व कूलर के उपयोग के बाद भी चिपचिपी गर्मी व उसम से हलाकान होना पड़ रहा है।

### गमछे व हेलमेट का उपयोग बढ़ा

दोपहर में विभिन्न कारणों से घर से बाहर निकलने वाले पैदल व दुपहिया वाहन सवारों द्वारा हेलमेट व गमछे का उपयोग किया जाने लगा है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट के उपयोग को लेकर दी जाने वाली समझाईश का वैसे भले ही असर न होता हो, लेकिन झुलसा देने वाली धूप व गर्म हवाओं से राहत पाने लोग गमछों व हेलमेट का उपयोग करने लगे हैं।

### नजर नहीं आ रहे प्याऊ घर

शहर वासियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से समाजसेवी संगठनों द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्याऊ घर खोले जाते हैं, लेकिन इस साल शहर में अभी तक इनकी संख्या नहीं के बराबर ही दिखाई पड़ रही है। इसके पीछे एक बड़ा कारण शहर में यातायात का बढ़ता दबाव भी हो सकता है, जिसके कारण प्याऊ घर खोलने के लिए सड़क के किनारों पर जगह ही नहीं बच गई है।






## खबर संक्षेप

### कोयला मंत्री रेड्डी का केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने किया स्वागत



**बिलासपुर।** केन्द्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी के छत्तीसगढ़ आगमन पर केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने रायपुर विमानतल पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### दो दिवसीय रोटरी का प्रशिक्षण शिविर दुर्ग में 12 से

**बिलासपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर दुर्ग के रोमन पार्क में रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 12 व 13 अप्रैल को किया जाएगा। रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चैयरमैन रोटे नितिन जैन एवं को-चैयरमैन रोटे डॉ संजय दुबे ने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्यों को आगे बढ़ाने पर गहन चर्चा की जाएगी। शिविर में वर्ष 2025-26 के निर्वाचित रोटरी डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोटे अमित जयसवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उड़ीसा के 150 से अधिक रोटरी क्लब के अध्यक्ष, सचिव के साथ 500 से अधिक रोटेरियन भाग लेंगे। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद रोटे विवेक तन्खा, पूर्व प्रांतपाल कमल संघवी, नेपाल से रोटे बासुदेव गोलियन, भुवनेश्वर से रोटे देवाशीष मिश्रा आदि शामिल होंगे। प्रांतपाल मनोज त्रिपाठी पूर्व प्रांतपाल अनिल अग्रवाल, पूर्व प्रांतपाल मोहन पलेसा, पूर्व प्रांतपाल उल्लास कोल्हटकर, रोटे जे.पी. काबरा,रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर अध्यक्ष रोटे संदीप अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे सोमनाथ अग्रवाल, रोटे सुशील अग्रवाल रामदास, रोटे अजीत खंडेलवाल सहित अन्य प्रमुख अतिथि उपस्थित रहेंगे। शिविर का आयोजन पूर्व प्रांतपाल रोटे शांशक रस्तोगी के निर्देशन में होगा। प्रशिक्षण शिविर के चैयरमैन रोटे मयंक रोजनदार एवं को- चैयरमैन अंनत अग्रवाल है।

### डीपी विप्र महाविद्यालय के कैंपस ड्राइव में छात्र-छात्राओं का चयन



**बिलासपुर ।** डीपी विप्र महाविद्यालय में कैंपस ड्राइव का आयोजन 27 मार्च को किया गया। इस कैंपस ड्राइव में एनआईआईटी राजस्थान से विकास पाण्डेय तथा नाइसटेक कम्प्यूटर से मल्लिका खान, लक्ष्मी कुमार तथा अदिति यादव उपस्थित थे। एनआईआईटी राजस्थान के विकास पाण्डेय ने एचडीएफसी बैंक तथा एक्सीस बैंक में होने वाले नियुक्ति की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में अनुराग शुक्ला एवं राजकुमार अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ,उप-प्राचार्य डॉ. एम.एस. तंबोली ,डॉ. विवेक अंबलकर , डॉ मनीष तिवारी, डॉ. शिखा पहारे, डॉ. आभा तिवारी, डॉ किरण दुबे, डॉ. रिचा हांडा, प्रो. भागवत कौशिक, डॉ. बिजॉय कर्मकार, डॉ. विश्वास विक्टर, प्रो. दीपक कौशिक, प्रो.यूपेश कुमार, प्रो. शिवानी वर्मा, प्रो. प्रमोद नरेश, प्रो. प्रकाश चंद्राकर, एस. आर. चंद्रवशी, तोरण यादव आदि मौजूद थे।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने किया 6 प्याऊ घर का शुभारंभ



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स और गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा एक माह तक निरंतर चलने वाले प्याऊ घर का आज सम्पूर्ण राज्य में एक साथ शुभारंभ किया। बिलासपुर जिला में 6 स्थानों पर प्याऊ घर का शुभारंभ राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेयी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अनिल तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी,राज्य संगठन आयुक्त स्काउट विजय कुमार यादव व सहायक राज्य आयुक्त स्काउट भूपेंद्र शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में आयुक्त गाइड गायत्री तिवारी , जिला संगठन आयुक्त गाइड बीना यादव, महेंद्र बाबू टंडन, लता यादव , संतोष त्रिपाठी , माधुरी यादव, स्काउटर - शत्रुहन लाल सूर्यवंशी , अनिल सोनवानी, शशांक विश्वकर्मा, निखिल सिंह, गाइडर - सुष्मिता शर्मा, डॉ.भारती दुबे,अपर्णा सारखेल,स्वाति हार्डिकर,किरणबाला पाण्डेय,रत्ना कश्यप, डॉ.पूनम सिंह,आरती राय, उषा रानी नेताम, रश्मि गुप्ता, लक्ष्मी बृजवासी, रागनी चौधरी,अनीता दान, शशिकला साहू, देवकिरण साहू आदि मौजूद थे।

### सर्व हिंदू संगठन ने निकाली श्री राम सहित अन्य देवी देवाताओं की झांकी



**बिलासपुर।** सर्व हिंदू संगठन द्वारा श्री रामनवमी पर भगवान श्री राम एवं अन्य देवी देवताओं की आकर्षक झांकी पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी में निकाली गई। जिसका जगह- जगह स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम लगभग 11 वर्ष से आयोजित किया जा रहा है। इसके आयोजन समिति अध्यक्ष शुभम ठाकुर, ऋषि मुनियार, राज श्रीवास, प्रिंस डहरिया, आदर्श तिवारी, नवल किशोर, हिमांशु श्रीवास, पूजा ठाकुर, माही, श्रेया, गौरव ताशू, रोशन अन्य समिति के पदाधिकारी कॉलोनी के निवासी शामिल थे।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर आवेदन 15 से 29 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। ग्राम चोरभठ्ठीखुर्द के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2, ग्राम घुटकु के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 4 एवं 9 में सहायिकाओं की नियुक्ति होनी है। इच्छुक आवेदिका 15 अप्रैल से 29 अप्रैल तक आवेदन कर सकती हैं।

---

**रात में बिजली की सुविधा नहीं** | रेलवे का मास्टर प्रतिदिन करता है 350 सब्जी और छोटे दुकानदारों से वसूली, जनरेटर वाला लेता है अलग किराया

# 75 से 80 रुपए हर रोज देने के बाद भी बिजली विहीन हैं बुधवारी के सब्जी विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे क्षेत्र के बुधवारी बाजार में सब्जी का व्यापार करने वाले छोटे और चिल्हर व्यापारियों से रेलवे का बाजार मास्टर प्रतिदिन 75 से 80 रुपए की वसूली करता है। इसके बाद भी चिल्हर व्यापारियों को रात में बिजली की सुविधा रेलवे की ओर से नहीं मिल रही है। रेलवे से बिजली नहीं मिलने के कारण छोटे सब्जी व्यापारियों को जनरेटर कार से बिजली लेकर 12 रुपए प्रति बल्ब के हिसाब से चुकाना पड़ रहा है।

बिलासपुर रेलवे क्षेत्र में करीब 20 हजार से अधिक रेल कर्मचारी और उनके परिवार के अलावा 550 से अधिक अफसरों के बंगले हैं। रेल कर्मचारियों के लिए रेलवे के क्षेत्र में बच्चों के लिए स्कूल, केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय, कालोनियां व अन्य सारी सुविधा रेलवे की ओर से दी गई हैं। रेलवे में रहने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ उनके परिवार के लिए रेलवे के क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास बाजार भी बसाया गया है। वर्षों से संचालित होने वाले बुधवारी बाजार में कपड़े, बरतन, पूजा सामग्री सहित अन्य सारे सामानों की बिक्री होती है। दुकानों में बिजली, पानी व अन्य सारी सुविधाएं रेलवे की ओर से मुहैया कराई जा रही है। बुधवारी बाजार में बनाए गए दुकानों का किराया काफी कम है, जिसके लिए वर्तमान में कोर्ट में मामला भी चल रहा है। इसके अलावा बुधवारी बाजार में सब्जी मार्केट के लिए रेल प्रशासन ने जगह देकर रखी हुई है। इस सब्जी मार्केट में थोक व चिल्हर सब्जी विक्रेता प्रतिदिन बैठते हैं। बड़े दुकानों के लायसेंस फीस को लेकर जहां कोर्ट में मामला चल रहा है।



बुधवारी सब्जी मंडी।

वहीं सब्जी मार्केट के साथ दुर्गा मंदिर से महेश स्वीट्स के पास तक रोड किनारे छोटे-छोटे गुमटी वाले भी व्यापार करते हैं। इन सभी को मिलाकर छोटे व्यापारियों की संख्या करीब 350 से अधिक है, जिनका बुधवारी बाजार में सामानों को बेचकर गुजारा चल रहा है। रेलवे इन सभी 350 छोटे दुकानदारों से प्रतिदिन 75 से 80 रुपए का किराया वसूल करती है। इसके एवज में रेल प्रशासन की ओर से उन्हें जगह देने के साथ रसीद भी दी जा रही है, लेकिन बिजली की सुविधा से छोटे दुकानदारों को रेलवे ने वंचित कर रखा हुआ है। इसकी वजह से सब्जी व्यापारी बिजली की समस्या को दूर करने के लिए निजी व्यक्ति की ओर से लगाए गए जनरेटर कार से अपने दुकान को रौशन कर रहे हैं।

#### 12 रुपए लिया जाता है प्रति बल्ब

रेलवे की ओर से सब्जी विक्रेताओं को बिजली कनेक्शन की सुविधा तो नहीं दी गई है, लेकिन दो निजी व्यक्तियों संतोष सोनकर और वासु ने बिजली समस्या को दूर करने के लिए अपना पर्सनल जनरेटर लगाकर बुधवारी बाजार में रखा हुआ है। इस जनरेटर से सब्जी बेचने वाले छोटे व्यापारी अपने दुकानों को रौशन कर रहे हैं। इसके एवज में दोनों व्यक्ति प्रति बल्ब के हिसाब से 12 रुपए की वसूली कर रहे हैं, जिसे व्यापारियों को मजबूरी में देना पड़ रहा है।

#### आरपीएफ बाजार मास्टर की मिली भगत

छोटे व्यापारियों का कहना है कि रेलवे की ओर से उन्हें सब्जी दुकान और गुमटियों को लगाने की जगह दी है। इसके लिए बाजार मास्टर प्रतिदिन 75 से 80 रुपए की वसूली दुकानदारों से करते हैं, जिसके हिसाब से महीने का किराया 3 हजार रुपए से अधिक का हो जाता है। जनरेटर लगाने के लिए किसी की परमिशन तो नहीं ली गई है, लेकिन इसमें बाजार मास्टर और आरपीएफ की मिली भगत से बिजली के एवज में प्रति बल्ब के हिसाब से 12 रुपए की वसूली की जा रही है।

#### पैसा देंगे तो मिलेगी सुविधा

रेलवे के बुधवारी बाजार क्षेत्र में सब्जी दुकानदारों को बिजली की सुविधा देना रेलवे के नियम में नहीं है। इसके बावजूद अगर उनको बिजली का कनेक्शन चाहिए तो डिपाजिट देना पड़ेगा। एक साथ अगर वे सब मिलकर आएंगे और अपने पक्ष को रखकर राशि जमा करेंगे तो संभवत: उन्हें बिजली की सुविधा भी मिल सकती है।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

दो दिन में 1600 से अधिक आवेदन, प्रमाण पत्र नहीं बनने के भी आवेदन

# 70 वार्डों में शिविर लगाकर समस्या और शिकायतें बटोरने निकला निगम अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम क्षेत्र के 70 वार्डों में मंगलवार से राज्य सरकार का सुशासन तिहार शुरू हो गया। दो दिनों में 1600 से अधिक आवेदन अलग-अलग जोन में जमा की गईं। कहीं लोग अकेले तो कहीं भीड़ के साथ अपनी शिकायत करवाने पहुंचे। अवैध कब्जों और जलसंकट की शिकायतें लेकर लोग पहुंच रहे है। महतारी वंदन और प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत सहायता न मिलने का आवेदन लेकर भी पहुंचने वाले मिले। नालियों की सफाई, स्लैब नहीं होने से लेकर फुटपाथ पर कब्जा की शिकायतें अधिक हैं। पेंशन नहीं मिलना, पेंशन प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र की मांग भी अधिक है।

हरिभूमि ने लगातार दूसरे दिन इन शिविरों का जायजा लिया। पहले दिन जहां अधिकतर सेंटर खाली थे तो दूसरे दिन कुछ अधिक लोग जरूर पहुंचे। शेफर स्कूल में लगे शिविर में कुछ लोग अवैध कब्जों की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया चौक के पास सुबह-शाम जाम लगता है। रोड किनारे अवैध ठेले-गुमटियां लगा दी गईं हैं। चौक के चारो तरफ रोड पर 40 से ज्यादा ठेले खोमचे लगते हैं। इन कब्जों के कारण रोड संकरी हो जाती है। होर्डिग्स भी इतने लग जाते हैं कि कई बार दुर्घटना की स्थिति बनती है। इसके साथ ही इन शिविरों में नालियों की सफाई, नालियों पर स्लैब नहीं होने और बदबू से परेशानी की शिकायत अधिक की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक शिकायत पानी की समस्या और सड़क नहीं होने को लेकर है। इन क्षेत्रों में सफाई भी नियमित नहीं हो रही है।



शिविर प्रभारियों से जानकारी लेते कलेक्टर।

#### अरपा नदी में गंदगी और दूषित पानी की शिकायत

कतियापारा से लेकर दयालबंद तक के लोगों ने अरपा नदी में गंदगी और इससे घरों तक पहुंच रहे दूषित पानी की शिकायत की। इसके साथ ही तालाबों पर कब्जे की भी शिकायत निगम तक पहुंची है। कुछ नागरिगों ने शिकायत में बताया कि अरपा नदी जलकुंभी से पट गई हैं। साथ ही तालाबों में कीचड़ और साफ-सफाई की स्थिति भी बुरी है। शनिचरी के पास एसटीपी लगाया जा रहा है लेकिन काम धीमा है। स्मार्ट सिटी ने शहर में कई जगहों पर सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर लाइट लगाई थी। अब सभी लाइट बंद हैं।

#### संबंधित विभागों से निराकरण कराया जाएगा

सभी जनप्रतिनिधियों से कहा गया है कि वे वार्ड के लोगों को शिविर के बारे में जानकारी दें। किसी भी तरह की शिकायत और मांग होने पर वे शिविर में आवेदन कर सकते हैं। शिविर में पहुंचे सभी आवेदनों का संबंधित विभागों से तत्काल निराकरण कराया जाएगा।

- **श्रीमती पूजा विधानी,** महापौर

कलेक्टर ने शिविरों का लिया जायजा

### कहा लोगों को आवेदन देने में न हो दिक्कत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में चल रहे राज्यव्यापी सुशासन तिहार में लोगों द्वारा अपनी समस्याओं का निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला जारी है। लोग शिकायत पेटी में आवेदन दे रहे हैं। कलेक्टर ने आज ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आवेदन लेने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। कलेक्टर ने लोगों से चर्चा कर समस्याओं के निराकरण के लिए बेझिझक आवेदन करने कहा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को आवेदन देने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सुशासन तिहार के पहले चरण में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जिले के सभी ग्राम पंचायतों, नगर निगम, नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में आवेदन लिए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार एवं सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप अग्रवाल मौजूद थे। कलेक्टर ने नगर निगम के वार्ड क्रमांक 53 के लिए प्रभात चौक के सामुदायिक भवन का जायजा लिया। यहां आज 27 आवेदन मिले हैं। उन्होंने लगातार मुनादी कराने कहा। वार्ड क्रमांक 59 और ग्राम पंचायत सेंदरी में भी लगाए गए शिविर का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आवेदन देने से मना या रोका न जाए। उन्होंने सभी से अपील की कि मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन बेझिझक दे।

---

कोर्सवर्क परीक्षा के बाद होगा रजिस्ट्रेशन

### एयू पीएचडी सेकंड बैच की कोर्सवर्क परीक्षा में शामिल हुए 285 शोधार्थी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के पीएचडी सेकंड बैच वाले शोधार्थियों की बुधवार को कोर्सवर्क परीक्षा हुई, जिसमें 285 शोधार्थी शामिल हुए। पीएचडी कोर्सवर्क परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी के यूटीडी समेत गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स कालेज को परीक्षा सेंटर बनाया गया था। कोर्सवर्क परीक्षा के बाद इन शोधार्थियों का रजिस्ट्रेशन होगा।

■ यूटीडी व बिलासा गर्ल्स कालेज था एग्जाम सेंटर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में पीएचडी सेकंड बैच की प्रवेश परीक्षा वर्ष 2023 में हुई थी, जिसमें इंट्रेंस एग्जाम में पास होने वाले स्टूडेंटस को पीएचडी में प्रवेश मिला था। पीएचडी सेकंड बैच में जिन स्टूडेंट्स का प्रवेश हुआ था, उनकी कोर्सवर्क परीक्षा आज हुई है। यूनिवर्सिटी की ओर आयोजित पीएचडी कोर्सवर्क परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी यूटीडी सहित बिलासा गर्ल्स कालेज को परीक्षा सेंटर बनाया गया था। इस कोर्सवर्क परीक्षा में 285 शोधार्थी शामिल हुए और यह परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक हुई। कोर्सवर्क परीक्षा के नतीजे घोषित होने के बाद इन शोधार्थियों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण होगा। पीएचडी सेकंड बैच वालों का कोर्सवर्क परीक्षा इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पीएचडी का पहला बैच विवादों में सालों तक फंसा रहा, जिसके चलते कई सालों बाद सेकंड बैच के लिए प्रवेश प्रक्रिया आयोजित हो पाई थी।



#### वर्ष 2015 का है पीएचडी पहला बैच

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पहली पीएचडी में प्रवेश के लिए वर्ष 2015 में प्री-पीएचडी परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें करीब एक हजार आवेदकों ने आवेदन किया था। इस प्रवेश परीक्षा में लगभग करीब ढाई सौ स्टूडेंट पास हुए थे और उन्हें पीएचडी में प्रवेश दिया गया था, लेकिन उसके बाद प्रवेश प्रक्रिया में आरक्षण नियमों का पालन नहीं करने संबंधी शिकायत हुई और शिकायत के राज्य अनुसूचित जाति, जनजाति आयोग ने पीएचडी प्रवेश पर रोक लगा दी थी और पहले बैच के पीएचडी का मामला विवादों में पड़ गया था। उसके बाद कुछ साल तक यह मामला चलता रहा और पीएचडी का मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। न्यायालयों से मामला निपटने के बाद शोधार्थियों का कोसवर्क, आरडीसी आदि प्रक्रिया शुरू हुई।

#### 208 शोधार्थियों का रजिस्ट्रेशन

अटल यूनिवर्सिटी से पीएचडी पहले बैच में 208 शोधार्थियों का रजिस्ट्रेशन हुआ था। इनमें बहुत से शोधार्थियों का थिसिस का कार्य चल रहा है। कुछ शोधार्थियों का थिसिस कार्य पूरा हो गया था और उन्होंने जमा कर दिया था, इसलिए यूनिवर्सिटी उनकी वायवा आयोजित कराकर उन्हें पीएचडी अवार्ड भी करते जा रही।

---

### आधारशिला सैनिक स्कूल ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस में भागीदारी और विद्यालय की प्रभावशाली प्रस्तुति

**बिलासपुर।** सैनिक स्कूल तिलैया में 9 अप्रैल को आयोजित 51वीं अभा सैनिक स्कूल प्राचार्य सम्मेलन के अंतर्गत सभी नए सैनिक स्कूलों के प्राचार्यों के लिए महत्वपूर्ण ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के 41 नए सैनिक स्कूलों ने सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता पवन कुमार शर्मा संयुक्त सचिव प्रशिक्षण प्रभाग, तटरक्षक बल, सीआईएसओ एवं एसएससी एवं मानद सचिव सैनिक स्कूल सोसाइटी ने की। कार्यक्रम में सैनिक स्कूल सोसाइटी के निरीक्षण अधिकारीगण, सभी वर्तमान सैनिक स्कूलों के प्राचार्य एवं नवस्थापित सैनिक स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. दीपा चंद्रन ने सैनिक स्कूलों के साझा दृष्टिकोण एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। एवीएम न्यू सैनिक स्कूल बिलासपुर के निदेशक एसके जनास्वामी एवं प्राचार्या जी.आर. मधुलिका ने सहभागिता की। प्राचार्या जी.आर. मधुलिका ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। कॉन्फ्रेंसिंग में आधारशिला के मेंटर स्कूल की प्रिन्सिपल कर्नल रीमा सोबती ने विद्यालय की गतिविधियो की जानकारी साझा की। चेयरमैन अजय श्रीवास्तव ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार बताते हुए कहा कि ऐसे मार्गदर्शन से विद्यालयों की गुणवत्ता और दक्षता में निरंतर वृद्धि संभव है।




### अपने मूल सिद्धांतों से समझौता किए बगैर भाजपा सर्वाधिक सदस्यों वाली पार्टी बनकर उभरी : अग्रवाल

**बिलासपुर।** भाजपा स्थापना दिवस पर लखीराम आडिटोरियम में सक्रिय सदस्य कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल ने बताया कि देश के 78 साल के इतिहास में बीजेपी एकमात्र पार्टी है, जो सन 1951 से आज पर्यन्त तक निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। जिसने अपने मूल सिद्धांतों से समझौता किए बगैर देश में लोगों का विश्वास जीतते हुए देश की सर्वाधिक सदस्यों वाली पार्टी बन कर उभरी है। अक्षय ऊर्जा अभिकरण के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनाव में किए अपने अधिकांश वायदों को एक वर्ष के भीतर पूरा कराकर लोगों का भरोसा जीतने में सफल हुई है। जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि भाजपा के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल से 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम तय किए गए हैं। इस अवसर पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, गुलशन ऋषि, महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, रामदेव कुमावत, किशोर राय, लक्ष्मीनारायण कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### लोन आवंटित करने में उपेक्षा, कलेक्टर ने नाराजगी जताई

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में संपन्न हुई। उन्होंने निर्णय के एक साल बाद भी बैंक शाखा नहीं खोलने पर बैंक प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने उन बैंकों के विरूद्ध शासन स्तर पर संस्थागत वित्त विभाग को पत्र लिखने के निर्देश दिए। आरबीआई की गाईड लाईन के अनुरूप समाज के कमजोर तबकों-एससी एवं एसटी एवं किसानों को निर्धारित मानक से कम लोन देने पर एतराज जताया और इस साल इसे सुधारने के कड़े निर्देश दिए।



---

ब्रिटिश काल की बिल्डिंग में बनाई जा रही होटल, जहां से हटा दिया गया है रेलवे स्टाफ को

# जनआहार बंद, यहां टिकिट चेक करेंगे टीटीई, सीटीआई

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म नम्बर एक पर संचालित होने वाला जनआहार अब कभी भी ओपन नहीं होगा। एक समय जिस जनआहार में यात्रियों के लिए भोजन और खाने-पीने के सामानों की बिक्री हो रही थी, वहां वर्तमान में टीटीई और सीटीआई को बैठने के लिए जगह दे दी गई है। यह स्टाफ यात्रियों के टिकिट की जांच करेंगे। इसके साथ ही ब्रिटिश काल की बिल्डिंग में आईआरसीटीसी की ओर से होटल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी वजह से पुरानी बिल्डिंग में बैठने वाले सभी रेल स्टाफ को हटाकर जनआहार और कमसम में शिफ्ट किया गया है।



बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 90 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, पैसेंजर और लोकल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होता है, जिसमें लगभग 25 से 30 हजार यात्री सफर करते हैं। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए फूड स्टॉल, जनआहार, कमसम फूड प्लाजा, वेटिंग रूम, रिटायरिंग हॉल, और डारमेट्री जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन सभी स्टॉलों में जनआहार और कमसम फूड प्लाजा का संचालन आईआरसीटीसी द्वारा किया जाता है। कोरोना महामारी के बाद जब ट्रेनों का परिचालन दोबारा शुरू हुआ, तब स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थी, लेकिन अचानक रेलवे द्वारा अधोसंरचना कार्य के कारण यात्री ट्रेनों का संचालन रद्द करने से यात्री संख्या में कमी आई। इसके चलते जनआहार के संचालक ने समय पूरा होने के बाद अपना ठेका समेट लिया। वहीं कमसम का ठेकेदार पहले ही संचालन बंद कर चुका है। 492 करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर संवारने का कार्य करना शुरु कर दिया गया है, जिसके कारण ब्रिटिश काल में बनी पुरानी बिल्डिंग को छोड़कर सारे भवनों को तोड़ने का काम किया जा रहा है। प्लेटफार्म नम्बर एक पर संचालित होने वाला जनआहार और कमसम की बिल्डिंग भी शामिल है, जहां कमसम के स्थान पर नया फूड प्लाजा खोलने के लिए ठेका हो चुका है। बिल्डंग को तोड़े जाने के कारण ठेकेदार भी फूड प्लाजा ओपन करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा था। इसकी वजह से रेल प्रशासन ने अब आईआरसीटीसी को ब्रिटिश काल में बनी बिल्डिंग का स्थान दिखाया गया, ताकि उसका काम चल सके।

#### अभी ओपन नहीं फूड प्लाजा

जनआहार में सीटीआई, टीटीई के बैठने के अलावा बाहर से आने वाले और ड्यूटी पर जाने वाले टीटीई के बैग रखने की जगह दी गई है। इसके साथ ही सीआई के लिए कमसम को रेडी किया जा रहा है। पुरानी हेरिटेज बिल्डिंग को पूरी तरह से खाली कर दिया गया है, जिसमें अभी तो फूड प्लाजा ओपन नहीं हुआ है।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर



9- APR- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 4/9/2025 7:57 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# बिलासपुर सकल जैन समाज ने किया नवकार महामंत्र का जप





जीतो चैप्टर्स ने पूरे देश-विदेश में विश्व नवकार महामंत्र जाप दिवस का आयोजन किया। इसी कड़ी में बिलासपुर में सकल जैन समाज ने नवकार महामंत्र का जप दिगंबर समाज का क्रांति नगर व सरकंडा मंदिर, तेरापंथ समाज व श्वेतांबर समाज का लिंक रोड, गुजराती समाज का टिकरापारा में आयोजित किया गया।





## विश्व नवकार महामंत्र जप दिवस पर क्रांतिनगर लिंक रोड, टिकरापारा में आयोजन

**बिलासपुर।** श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ, श्री जैन श्वेतांबर समाज के सदस्य मुकेश जैन ने एटी ज्वेलर्स लिंक रोड में सुबह जप का आयोजन किया। जिसमें समाज के संरक्षक विमल चोपड़ा, नरेंद्र मेहता, इंदर चंद बैदमुथा, तेरापंथ समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र मालू, समाज के सदस्य संजीव मुन्ना चोपड़ा, सुभाष श्रीमाल, प्रवीण गोलछा, प्रवीण कोचर, अभिनव कर डाकलिया, अंकित, कुनाल, नमिता, संगीता, किरण, ज्योति चोपड़ा, अमित, तुषार मेहता, चंद्रप्रकाश बोथरा, योगेश चोपड़ा सहित श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ एवं तेरापंथ समाज के सदस्ययों ने भाग लिया। वहीं दिगंबर जैन समाज बिलासपुर ने सरकंडा, क्रांति नगर, सम्मति बिहार जैन मंदिर में पूजन कर 1 घंटे 36 मिनट का जाप किया। ध्यान मुद्रा एवं हाथ जोड़कर जप में शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग उपस्थित थे।

### निकाली जाएगी प्रभात फेरी

गुजराती जैन समाज टिकरापारा भी जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मनाएगा। जिसमें सुबह साढ़े 6 बजे भगवान महावीर के साथ प्रभात फेरी एवं समाज के नवयुवकों द्वारा बाइक रैली निकली जाएगी। इसमें समाज का एक बालक भगवान महावीर के रूप में रहेगा।

### सामूहिक जप करने से मिली शांति

विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गुजराती जैन समाज ने जैन भवन टिकरापारा में नवकार महामंत्र का जप सुबह से किया। जिसमें समाज के सभी श्रावक-श्राविकाएं, बालक-बालिकाएं शामिल हुईं और कहा कि नवकार मंत्र का सामूहिक जाप करने से शांति मिली। उत्साह बढ़ा। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष भगवान दास सुतारिया, खुशाल, दिलीप तेजाणी, गोपाल वेलाणी, मनीष शाह, नरेंद्र तेजाणी, दीपक, केतन सुतारिया, हेमा तेजाणी, पारुल सुतारिया, उषा शाह, अमिता सुतारिया, हेतल तेजाणी, शोभना, पूजा वेलाणी, सोनल शाह सहित समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव आज

भगवान महावीर स्वामी का 2624 वां जन्म कल्याणक महामहोत्सव गुरुवार 10 अप्रैल को है। इस अवसर पर तीनों जैन मंदिरों में प्रातः 6 बजे से मंगलाष्टक, अभिषेक, शांति धारा एवं पूजन किया जाएगा। बिलासपुर जैन समाज द्वारा प्रातः 7 बजे सरकंडा मंदिर से झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें तीन गाड़ियों में भगवान महावीर के जीवन से संबंधित जीवंत झांकी रहेगी। इन झांकियों का निर्देशन डॉ. श्रुति-सुप्रीत जैन एवं सजावट पूनम दोषी जैन द्वारा किया जाएगा। शोभायात्रा सरकंडा मंदिर से पुराना पुल, प्रताप टॉकीज चौक, कंपनी गार्डन, सदर बाजार, गोल बाजार, तेलीपारा, सीएमडी चौक, विद्यानगर होते हुए क्रांतिनगर जैन मंदिर तक जाएगी। शोभायात्रा के बाद सकल जैन समाज बिलासपुर के लिए भोजन की व्यवस्था श्रीमंत सेठ विनोद जैन, रंजना, डॉ विशाल, डॉ रेशु, विकास, अंकिता जैन एवं परिवार द्वारा की गई है। सभी कार्यक्रम में सकल जैन समाज के सदस्य उपस्थित रहेंगे। शोभायात्रा में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र, महिलाएं केशरिया, पीली साड़ी एवं महिला मंडल अपने-अपने ग्रुप के अनुसार ड्रेस कोड में ही शामिल होंगे।

### कराई जाएगी स्पर्धाएं

महोत्सव के उपलक्ष्य में सन्मति विहार में शाकाहार पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें वर्ग 1 में 8 से 17, वर्ग 2 में 13 से 18, वर्ग 3 में 18 वर्ष से अधिक के बच्चे भाग ले सकेंगे। पोस्टर जमा करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल दोपहर 2 बजे तक मनीष, संदीप, मालती जैन सन्मति विहार के पास जमा कर सकेंगे। आयोजक त्रिशला महिला मंडल सन्मति विहार, सुपर सन्मति समूह है। 10 अप्रैल को शाम 8 बजे सन्मति विहार मंदिर में राउंड 1 भजन, राउंड 2 पजल, राउंड 3 प्रश्नोत्तरी, राउंड 4 बूझो तो जाने रखा गया है। एक समूह चार से पांच लोगों का होगा। जिसमें तीन बच्चे और दो बड़े शामिल रहेंगे।

---

शुभारंभ

## बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना जरूरी : डॉ शुक्ला



**बिलासपुर।** भारत माता अंग्रेजी माध्यम शाला रेल्वे में बुधवार को मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक डॉ संजीव शुक्ला ने समर कैंप का शुभारंभ किया। शहर में पहली बार बच्चों के मेंटल हेल्थ विषय पर कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस द्वारा विभिन्न विधाओं में छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, उनके समुचित और सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही माता-पिता को अपने बच्चों को समय देना चाहिए। परीक्षाओं में असफल हो जाने से उन्हें अवसादग्रस्त होने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपनी रुचि के अनुसार विषय का चयन कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बच्चों को साइबर क्राइम और सोशल मीडिया से बचने प्रेरित किया। एक अच्छे विषय पर कैंप का आयोजन करने प्राचार्य फादर सलीन पी, शिक्षक-शिक्षिकाओं और शालेय परिवार को बधाई दी। मुख्य अतिथि डॉ शुक्ला ने बच्चों से चर्चा की तथा उनके प्रश्नों का जवाब उदाहरण के साथ दिया। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इमोशनल इंटेलीजेंस की बात भी साझा की। इस अवसर पर शाला के मैनेजर फादर देवसिया मणिमाला, फादर जॉस फिलिप, फादर जितिन, सिस्टर सिल्वि जेकब उपस्थित थे।

एजुकेशन अपडेट

## प्री-बीएड, प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 25 तक

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए व्यापम द्वारा ऑनलाइन आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है। प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक तिथि 28 मार्च से शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 अप्रैल 2025 तक शाम 5 बजे तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। त्रुटि सुधार की तिथि 26 अप्रैल से 28 अप्रैल शाम 5 बजे तक तय किया गया है। व्यापम द्वारा प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं की संभावित तिथि 22 अप्रैल 2025 निर्धारित किया गया है। परीक्षा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थी इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए व्यापम की वेबसाइट **https://vyapamcg.cgstate.gov.in/** पर अवलोकन कर सकते हैं।

### नवमीं में प्रवेश के लिए होगी प्राक्चयन परीक्षा

प्रयास बालक और कन्या आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा होगी। प्रवेशपत्र विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षार्थी 20 अप्रैल तक प्रवेशपत्र प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र में उपस्थिति अनिवार्य होगी। परीक्षार्थियों को प्रवेशपत्र पूरी तरह से डाउनलोड करना होगा और उसमें पासपोर्ट साइज के रंगीन नए फोटोग्रॉफ्स लगाकर प्रिंटआउट परीक्षा केंद्र में ले जाना होगा।

शिविर

## योग एक आसन ही नही बल्कि जीवन जीने की कला



**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग की छात्राओं ने कुलपति एडीएन बाजपेयी,विभागाध्यक्ष डॉ गौरव साहू के निर्देश में योग के व्यापक प्रचार- प्रसार के लिए सकरी स्थित केपीएस स्कूल में एक दिवसीय निः शुल्क योग शिविर का आयोजन कराया गया। विश्वविद्यालय की योग गुरु डॉ. मोनिका पाठक विश्वविद्यालय की छात्रा सरस्वती जायसवाल, अंशिका वर्मा, अनिशा कश्यप, शालू बंशीवाल के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योगासन, मुद्रा एवं प्राणायाम सीखा। इस शिविर में बच्चों को योग के नियमित अभ्यास से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। डॉ मोनिका पाठक ने बताया कि प्राणायाम के निरंतर अभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, शरीर स्वस्थ्य रहता है। उन्होंने बताया कि योग एक आसन ही नही बल्कि जीवन जीने की कला है। हित कर योग,नित कर योग की भावना से बच्चों से लेकर बुजुर्ग वर्ग स्वयं को मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रख सकते है। निः शुल्क योग शिविर के कार्यक्रम के दौरान स्कूल की संचालिका अरुणा पाण्डेय एवं अन्य शिक्षक - शिक्षिकाएं भी मौजूद रहें।

कार्यक्रम

## अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बैंड प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ




**बिलासपुर।** 14वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बैंड प्रतियोगिता का आज भव्य शुभारंभ रेलवे एनई इंस्टीट्यूट ग्राउंड,में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन रेलवे, बिलासपुर के महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद द्वारा किया गया। यह आयोजन लगातार तीसरे वर्ष बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में रेलवे सुरक्षा बल एवं रेलवे सुरक्षा विशेष बल की कुल 15 टीमों के 238 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। शुभारंभ समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री खुर्शीद ने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया और कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से एक ऐसी उत्कृष्ट टीम तैयार की जाएगी, जो आगामी 26वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता-2025, जयपुर में रेलवे सुरक्षा बल का प्रतिनिधित्व करेगी। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 11 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें देशभर की बैंड टीमें अपनी प्रतिभा और अनुशासन का प्रदर्शन करेंगी। समारोह में श्री मोहम्मद साकिब, उप महानिरीक्षक-सह-मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेसुब;दिनेश सिंह तोमर, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेसुब बिलासपुर; अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बल सदस्यगण उपस्थित रहे।

---

# हनुमान जन्मोत्सव 12 को, धूमधाम से मनाने चल रही तैयारियां

शहर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। सरकंडा स्थित रामसेतु चौक सहित अन्य हनुमान मंदिरों में रंग-रोगन व डेकोरेशन का काम आरंभ हो गया है। महिला संगठनों द्वारा भजन कीर्तन करने, भोग वितरण करने प्लानिंग की जा रही हैं।



### रामसेतु चौक व हनुमान मंदिरों में हो रहा रंग-रोगन, डेकोरेशन





**बिलासपुर।** भगवान हनुमान का जन्मोत्सव चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा शनिवार 12 अप्रैल को श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार संकट मोचन हनुमान आज भी धरती पर विद्यमान हैं और भक्तों के कष्टों को हरने वाले देवता माने जाते हैं। इस दिन श्रीराम और हनुमानजी का सच्चे मन से स्मरण करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। हिंदू धर्म में हनुमानजी की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। बजरंगबली को अष्ट सिद्धियां और नौ निधि का वरदान प्राप्त है। इसके प्रभाव से वह सभी भक्तों की विपत्तियों को समाप्त करते हुए जीवन में खुशियां भरते हैं। इस बार चैत्र पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल को प्रातः 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू हो रही है। इस तिथि का समापन 13 अप्रैल को सुबह 5 बजकर 52 मिनट पर है। ऐसे में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का महापर्व मनाया जाएगा।

**होगा भण्डारा व जगराता :** श्री हनुमान सेवा समिति सरकंडा द्वारा हनुमान जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 51 सौ लोगों का भण्डारा व जगराता आयोजित किया जा रहा है। इसमें पहले दिन शनिवार 12 अप्रैल को दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रामसेतु चौक में शाम 6 बजे 101 बहनों द्वारा सामूहिक सुंदर कांड का पाठ, साढ़े 7 बजे हनुमान चालीसा का पाठ कर पौने 8 बजे हनुमानजी की आरती की जाएगी। रात्रि 8 बजे बैठक व्यवस्था के साथ भण्डारा किया जाएगा। शुक्रवार 13 अप्रैल को रात्रि 8 बजे हनुमान चालीसा का पाठ, साढ़े 8 बजे हनुमानजी की महाआरती, 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साढ़े 9 बजे गायिका शहनाज अख्तर द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।



### मंदिरों में होगी विशेष पूजा, आरती

शहर के बस स्टेण्ड, मध्य नगरीय चौक, वृहस्पती बाजार, तिलक नगर, सिटी कोतवाली स्थित हनुमान मंदिरों सहित अन्य सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव पर अंजनी पुत्र की विशेष पूजा कर आरती की जाएगी। कई स्थानों पर भण्डारा में चलेगा।

### उर्जा, शक्ति के प्रतीक हैं संकट मोचन

संकटमोचन को ऊर्जा, शक्ति, ज्ञान, भक्ति और बल का प्रतीक माना गया है। वह भगवान राम के सबसे बड़े भक्त भी है, इसलिए उनकी उपासना से प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद भी मिलता है। हनुमानजी को प्रसन्न और उनकी कृपा पाने के लिए हनुमान जन्मोत्सव को सबसे शुभ माना गया है।

### एसईसीएल के सामने होगा प्रसाद वितरण

एसईसीएल ऑफिस गेट के सामने हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार 12 अप्रैल को मदन मोहन गुल्ला, चंदन भट्टाचार्य, निर्मल कुमार गुप्ता द्वारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 से लेकर दोपहर 2 बजे तक तक किया जाएगा। यह जानकारी मदन मोहन गुल्ला ने दी।

# सोलापुरी माता पूजा में देवी मां भक्तों को देंगी अलग-अलग रूपों में दर्शन

**बिलासपुर।** शुभम विहार, रुचिका विहार सिरगिट्टी में श्रीश्री सोलापुरी माता पूजा का भव्य आयोजन 12 से 20 अप्रैल तक किया जा रहा है। 12 अप्रैल को राटा, कास्ट पूजा की जाएगी। इस वर्ष आयोजन का 8 वां वर्ष है। विधि विधान से पूजा करने खड़गपुर पश्चिम बंगाल से पुजारी, साई ब्रदर्स एंड टीम, डफली बजाने, भोग प्रसाद बनाने लोग आ रहे हैं।

7 दिनों तक सोलापुरी माता विभिन्न रूपों में भक्तों को दर्शन देंगी। ऐसी मान्यता है कि सोलापुरी माता की पूजा करने से मौसमी बीमारियां चेचक, चिकन पॉक्स, लू लगना आदि अनेक बीमारियां दूर होती है। जो भक्त गंभीर बीमारियों से ग्रस्त है उनकी बीमारियां सोलापुरी माता की पूजा करने धीरे-धीरे दूर होती जाती है। भक्तों को मनचाहा वरदान प्राप्त होती है। 14 अप्रैल शाम को त्रिपुर सुंदरी मरी माई मंदिर न्यू लोको कॉलोनी से गीली हल्दी से सोलापुरी माता की प्रतिमा तैयार कर श्रृंगार किया जाएगा। बाल पुजारी द्वारा मरीमाई मंदिर से सिरगिट्टी के वार्ड नंबर 10, 11, 12 की परिक्रमा करते हुए पूजा पंडाल में स्थापित की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने अध्यक्ष यू मुरली राव, पी नोका राजू, धन राज बोयर, संजीव पाल प्रेम लाल चौहान पार्षद विजय कुमार मरावी, नागेश ध्रुव, एम तवुडू, एन गोविंद राजू, बी रामा राव, पी भिस्मा राव, पार्षद एम श्रीनु राव, जी राजेश्वर राव, एन रमना मूर्ति, जी धर्मा राव, श्याम सुन्दर तिवारी, महावीर बोयार, दिनेश कौशिक, बी राजा राव, एम नारायण, जी राजा राव, वेणुगोपाल, ई कृष्णा, पी वरलक्ष्मी, जोगी दमयंती, बी ज्योति, एम शारदा, एन लक्ष्मी, वाई दुर्गा, मंजू पटेल, सहित अन्य श्रद्धालु भक्त सहयोग कर रहे हैं।



12 से चलेगी सप्ताह भर आयोजन का यह 8 वां वर्ष

### खड़कपुर, झारखंड, उड़ीसा से आएंगे कलाकार

नगर परिक्रमा में झांकियों की प्रस्तुति देने खड़कपुर, झारखंड, उड़ीसा से कलाकार आ रहे हैं। देवी मां के समक्ष काली के वेश में नृत्य करने सात सदस्यीय टीम रहेगी। 12 अप्रैल को सुबह 9 बजे राजेश्वर राव, संजीव पाल गोविंद नगर सिरगिट्टी के निवास स्थान से राटा पूजा प्रारंभ होकर पूजा पंडाल में स्थापित किया जाएगा।

---

स्पोर्ट्स न्यूज

# राष्ट्रीय पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता आज से

**बिलासपुर।** अंडर 20 स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 10 अप्रैल से किया जाएगा, जिसके लिए प्रदेश की टीम में खिलाड़ियों का चयन किया गया है। फुटबाल कोच मधुबाबू ने बताया कि नारायणपुर में 10 अप्रैल से 27 मई तक अंडर 20 स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए प्रदेश की टीम में खिलाड़ियों का चयन से पहले ट्रायल 6 और 7 अप्रैल को दिन तक रखा गया है। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 102 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय चयन ट्रायल में 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें 10 खिलाड़ियों को स्टैंड बाय में रखा गया है। इन खिलाड़ियों में बिलासपुर के कोच जी मधुबाबू, दुर्ग के प्रोतिम घोष, अंबिकापुर के रामबहादुर लामा, चेयरमैन दंतेवाड़ा के रवि मंडल ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया। चयनित खिलाड़ियों में बिलासपुर से तुषाल यादव एवं सचिन ताम्रकार व स्टैंड बाय में वैभव गोस्वामी हैं। चयनित खिलाड़ियों को नारायणपुर के टर्फ मैदान में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें से 18 खिलाड़ियों का फाइनल चयन होगा जो प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इसमें विगत उपविजेता कर्नाटका, गुजरात, तमिलनाडु एवं अंडमान निकोबार की टीमें हैं। छत्तीसगढ़ टीम का पहला मुकाबला अंडमान निकोबार के विरूद्ध 28 अप्रैल को होगा। खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के दौरान जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, सचिव डॉ. अजय यादव, कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व एमआईसी मेंबर अजय यादव, विशाल प्रजापति, शांतनु घोष, जीवन रजक, दीपक सुब्बा, कमल चौधरी, राजा गुरुंग, देवानंद चटर्जी, सुनील सिंह व खिलाड़ी मौजूद थे।



# रेलवे महिला बास्केटबाल के ट्रेनर बने जेकब

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में कार्यरत ई जेकब को भारतीय रेलवे महिला बास्केटबाल टीम का ट्रेनर नियुक्त किया गया है। भारतीय रेलवे महिला बास्केटबाल टीम का कोचिंग कैंप गुवाहाटी असम में 18 अप्रैल से 17 मई तक रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इसमें एसईसीआर रेलवे के ई जेकब को ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया है। इस कोचिंग कैंप में बिलासपुर रेलवे के तीन महिला खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें दिव्यानी मंगवाल, उर्वशी बघेल और निशा कश्यप शामिल हैं। इसमें रायपुर डिवीजन में पदस्थ अंतरराष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी भारती नेताम को कोच नियुक्त किया गया है। ई जेकब भूतपूर्व बास्केटबाल खिलाड़ी हैं और छत्तीसगढ़ व भारतीय रेलवे के कोच व मैनेजर भी रह चुके हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन की महिला व पुरुष बास्केटबाल टीम के गठन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ई जेकब को भारतीय रेलवे महिला टीम का ट्रेनर नियुक्त किए जाने पर बिलासपुर जिला बास्केटबाल संघ, रेलवे के अफसरों और रेलवे स्पोर्टस सेल के पदाधिकारी व सदस्यों ने शुभकामनाएं दी हैं।



# रिहायशी इलाके में घुसा भालू, मची अफरा तफरी

## बंशीताल गांव से निकलकर पेंड्रा मरवाही सड़क पर दौड़ा

**हरिभूमि न्यूज/भर्रीडांड।** मरवाही क्षेत्र के दानीकुंडी गांव में भालू घुसने से रिहायशी इलाके में अफरा तफरी मच गई। भालू बंशीताल गांव से निकलकर पेंड्रा मरवाही सड़क पर पहुंच गया, जहां लोग अपने घरों के सामने साफ सफाई कर रहे थे व कुछ लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। जब अचानक उनके सामने भालू पहुंचा तो सभी हड़बड़ा कर इधर उधर भागने लगे। लोगों की आवाज सुनकर भालू भी जंगल की ओर भागने का रास्ता ढूंढने लगा। किसी तरह भालू सड़क किनारे बने दीवार पर चढ़कर जंगल की ओर कूद गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।







### पानी व खाने की तलाश में पहुंच रहे

तेज गर्मी के बाद जंगलों से वन्य जीव पानी और भोजन की तलाश में आबादी वाले क्षेत्रों की ओर पहुंच रहे हैं। वन्य जीवों का भोजन चार चिरौंजी, महुआ, तेंदू, जैसे वनोपज ग्रामीण तोड़कर ले आते हैं। मरवाही वनमंडल पूरे छत्तीसगढ़ में भालू लैंड के नाम से विख्यात है। पूरे एशिया में सफेद भालू मरवाही वनमंडल मे पाया जाता है।

### हमले व विचरण हो रहा अधिक

भालुओं की सुरक्षा संवर्धन के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की योजना बनाकर सुरक्षा का दावा किया जाता है, इसके बावजूद मरवाही वन मंडल के रिहायशी इलाकों में भालू के हमले और विचरण अधिक हो गए हैं। मरवाही वन मंडल क्षेत्र के दानीकुंडी गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक बड़ा भालू इलाके में घुस आया।



## खबर संक्षेप

### छात्र को मिला गोल्ड मैडल

**लोरमी।** इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में डीएसई के छात्र आदित्य तिवारी पिता दिनेश तिवारी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

### अरुण बने साहू समाज के सहमीडिया प्रभारी

**लोरमी।** ग्राम पंचायत मसना के सरपंच प्रतिनिधि अरुण साहू को प्रदेश साहू संघ बिलासपुर का सह मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर अरूण साहू ने प्रदेश व संभाग के समस्त साहू समाज के पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।



### खजुरी नवागांव काठाकोनी में सुंदरकाण्ड पाठ 12 को

**तखतपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 12 अप्रैल को सुबह 6 बजे से खजुरी नवागांव काठाकोनी के हनुमान मंदिर में सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह हनुमान जयंती पर 12 अप्रैल को राम मंदिर तखतपुर में दोपहर 12 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## निधन

### त्रिवेणी देवी मूंदड़ा

**बिलासपुर।** वैशाली अपार्टमेंट के पास टिकरापारा निवासी त्रिवेणी देवी मूंदड़ा का आज बैंगलोर में निधन हो गया । उनकी अंतिम यात्रा 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे उनके निवास से मधुवन घाट दयालबंद के लिए निकलेगी । वे विष्णुगोपाल मूंदड़ा की पत्नी एवं भरत व अनिल मूंदड़ा की माता थीं।



### समीर वर्मा

**बिलासपुर।** मोपका निवासी समीर वर्मा का 9 अप्रैल को निधन हो गया। वे 17 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय कुमार वर्मा के पुत्र थे।



### सरस्वती नरसिंग

**बिलासपुर।** दयालबंद निवासी सरस्वती नरसिंग का 8 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अप्रैल दोपहर 1 बजे दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे कमल नरसिंग की पत्नी व गजेंद्र, रामेंद्र व शीवेंद्र नरसिंग की मां थीं।



### रंजन सिंह ठाकुर

**बिलासपुर।** इमलीभाठा निवासी रंजन सिंह ठाकुर का 9 अप्रैल निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 अप्रैल को इमलीभाटा सरकंडा से मुक्तिधाम सरकंडा के लिए सुबह 10 बजे निकाली जाएगी। वे रवि (बंटी) और राहुल के पिता थे।



### परिवार गया है दल्ली राजहरा, पुलिस की टीम जुटी मामले की जांच में

# ऊपरी मंजिल में किरायेदारों को बंद कर ठेकेदार के घर से 12 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अज्ञात चोरों ने एक मकान में घुसकर एक ठेकेदार के ऊपरी माले में किराए में रहने वाले दो किरायेदारों को बाहर से बंद कर दिया। फिर सूने मकान का एक-एक कर 4 दरवाजा का ताला तोड़कर ठेकेदार के घर में रखे अलमारी को तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात सहित लगभग 12 लाख रुपए के सामानों की चोरी कर ली है।

मामला सामने आने पर पुलिस के आला अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस की टीम अपराधियों तक पहुंचने के लिए मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर के एमआईजी 1/139 मे निवासरत सुजीत कुमार पिता शिव दानी का परिवार निवास करता है। सुजीत कुमार ठेकेदार का काम करता है। सुजीत कुमार पिछले दिनों अपने काम से दल्ली राजहरा गया हुआ था जहां स्कूल की छुट्टी होने पर उसकी पत्नी आरती देवी व उसके बच्चे भी उसके साथ गए हुए थे। इस दौरान उसके घर में ताला लगा हुआ था जबकि ठेकेदार के ऊपरी माले में दो किराएदार रहते हैं। बताया जाता है कि अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात ठेकेदार के घर में पहले घुसे और ऊपरी माले में रहने वाले दोनों किराएदारों के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया और फिर ठेकेदार के घर नीचे ताला तोड़कर कमरे में घुस गए और अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम कुल लगभग 12 लाख रुपए के सामानों की चोरी कर ली। जब अलसुबह किरायेदारों की नींद खुली तो उन्होंने दरवाजा खोलने का प्रयास किया तब दरवाजा नहीं खुला। तब उन्हें किसी अनहोनी का अंदेशा हुआ और उन्होंने मोबाइल फोन पर इसकी जानकारी अपने पड़ोसियों को दी। इसके बाद पड़ोसी ऊपरी हिस्से में पहुंचे और बंद दरवाजे को खोला गया।

इसके बाद उन्होंने नीचे आकर देखा तो नीचे ठेकेदार के घर का ताला टूटा हुआ था और इसके उपरांत इसकी सूचना सुजीत कुमार के रिश्तेदारों को दी गई और सुजीत कुमार को फोन पर चोरी की सूचना दी गई। जहां सुजीत कुमार के रिश्तेदार और उसके पिताजी तत्काल एनटीपीसी से एमपी नगर पहुंचे जहां परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी है कि मकान से चोरों ने लगभग 12 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम की चोरी की है। चोरी की सूचना पर पुलिस के अधिकारी खोजी डॉग सहित दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस की टीम द्वारा मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



टूटी हुई अलमारी जिससे ले गए जेवरात।

# जीवनदीप समिति की बैठक में विभिन्न कार्यों के लिए अनुमोदन

**तखतपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर के जीवनदीप समिति की बैठक अन्य विभागीय अधिकारी राजस्व के बैठक कक्ष में विधायक धर्मजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आईपीडी ओपीडी में मरीजों के लिए कूलर-पंखा लगाने व अस्पताल को नेक्स्ट जेन से संचालित किए जाने हेतु आवश्यक उपकरण क्रय हेतु अनुमोदित किया गया।

अस्पताल में पानी की व्यवस्था के लिए बोर में अतिरिक्त पाइप डाले जाने के लिए भी अनुमोदन दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यों में लापरवाहीकी शिकायतों को देखते हुए उन्हें सुधार हेतु अंतिम चेतावनी दी गई। साथ ही एसडीएम को उनके कार्यों की समय-समय पर समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया। जीवनदीप समिति अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोतरी का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी देवांगन, जनपद पंचायत अध्यक्ष माधवी वस्त्रकर, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी व अनुविभागीय अधिकारी शिव कुमार कंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सत्यव्रत तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश साहू, प्रभारी विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंशुमान तिवारी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के स्टाफ उपस्थित रहे।



## 19 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** अवैध शराब की बिक्री करने वाले पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध शराब जब्त कर लिया एवं आबकारी अधिनियम की धारा 34, 2 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए चोरमा पुल के पास घूम रहे देवतरा निवासी आरोपी परमानंद मानिकपुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 19 लीटर अवैध शराब जब्त कर हुए आबकारी अधिनियम की धारा 34,2 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।




## जमीन बंटवारे को लेकर भाई से मारपीट, मामला दर्ज

**तखतपुर।** जमीन में हिस्से की बात को लेकर युवक ने अपने भाई के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनकपुर निवासी सीमा यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 5 अप्रैल को वह अपने पति के साथ देवर से जमीन के हिस्से की बात करने गई थी, इसी दौरान उसके देवर हिरेंद्र यादव और देवरानी रूखमणी यादव ने उसके पति के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। उक्त मामले की शिकायत थाने में दर्ज गई, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115,2, 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

## जिला जेल में नए कानूनों के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**मुंगेली।** जिला जेल मुंगेली में नए कानून के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें जेल के सभी वर्दीधारी स्टाफ उपस्थित थे। सहायक जेल अधीक्षक ममता पटेल द्वारा उपस्थित जेल स्टाफ को जेल मैनुअल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, तथा उन्होंने नए कानून के बारे में भी बताया।

लीगल एड डिफेंस कौंसिल के अधिवक्ता स्वतंत्र तिवारी द्वारा प्रशिक्षण में जेल स्टॉफ को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में बताया गया, उन्होंने कहा कि इन तीन नए प्रमुख कानूनों का उद्देश्य दंड देने की बजाय न्याय देना हैं। साथ ही इन कानूनों का उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली बनाना है, बीएनएस में कई पुराने कानून को हटाकर नया कानून लाया गया है, इसके अलावा कई धाराओं को भी घटाया गया हैं। उक्त प्रशिक्षण में मुंगेली जिला जेल के सभी वर्दीधारी स्टाफ मौजूद रहे।



### जिला जेल में भ्रष्टाचार की शिकायतों की टीम करेगी जांच

**मुंगेली।** जिला जेल देवरी में असामान्य प्रणाली और घोर भ्रष्टाचार की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर राहुल देव ने एक उच्च स्तरीय जांच दल का गठन किया है। जांच टीम में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, सहायक आयुक्त सहकारी संस्थाएं हितेश श्रीवास और कलेक्टर कार्यालय के सहायक ग्रेड 2 रविकांत शर्मा को शामिल किया गया है। कलेक्टर ने जांच दल को समस्त शिकायतों की गहन जांच कर तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प

**खम्हरिया।** सीपत मंडल के ग्राम कुकदा में भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस बूथ क्रमांक 17 और 18 में धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संगठन की उपलब्धियों को याद किया एवं सभी ने आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कार्यकर्ता नानकुन केवट, बृजेंद्र पांडेय, रामलाल पाटनवार, अशोक पांडेय, दिलहन लाल साहू, कृष्ण दास वैष्णव, सोनामनी पाटनवार, गोपाल यादव, उदित पाटनवार, बेदलाल पाटनवार, बिहारी लाल साहू एवं अक्षत पांडेय शामिल हुए। सभी ने भाजपा के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण और संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे ऐतिहासिक कार्यों के बारे में भी बताया गया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## खार में मिली राजमिस्त्री की लाश, पुलिस जांच में जुटी

**लोरमी।** ग्राम महरपुर सारधा के खार में एक राजमिस्त्री की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल शाम 3 बजे ग्राम महरपुर सारधा निवासी द्वारिका लहरे उम्र 66 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके पुत्र विभीषण लहरे उम्र 35 वर्ष की लाश खार में पड़ी है। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा कराया। इसके बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल की मरच्युरी में रखवा दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था, 7 अप्रैल को सुबह वह काम में जाने की बात कहकर घर से रोज की तरह निकाला एवं देर रात घर नहीं लौटा। अगले दिन मंगलवार को परिजनों को उसकी लाश मिलने की सूचना मिली, जिस पर परिजनों ने थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई। बुधवार को पुलिस ने पीएम के बाद मृतक विभीषण लहरे का शव उसके परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता के रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### भथरी में भागवत महापुराण कथा का आयोजन

**तखतपुर।** श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 18 अप्रैल तक ग्राम भथरी में किया जा रहा है। आयोजन की कथा वाचिका सुमन साहू, परायणकर्ता चंद्रिका प्रसाद दुबे एवं मुख्य यजमान धर्मिन दाऊराम साहू हैं। आयोजन तैयारी में नेतराम साहू, बुरा साहू, बेदराम, लेखराम, पिल्लूराम सहित अन्य जुटे हुए हैं।



## महतारियों को समर्पित महतारी सदन: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोदरी

- बरतोरी में बनने वाले महतारी सदन का भूमिपूजन

ग्राम पंचायत बरतोरी में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के द्वारा स्वीकृत एवं माताओं- बहनों के लिए समर्पित 24.70 लाख की राशि से बनने वाले महतारी सदन का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा कि जब से राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है, तब से से विकास कार्यों में तेजी आई है। महतारी वंदन योजना हो या किसान सम्मान निधि, भाजपा की सोच एवं विचारधारा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि महतारियों को समर्पित यह महतारी सदन सर्व सुविधायुक्त बनेगा। कार्यक्रम में जपं अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक, जिपं सदस्य डॉ गोविंद यादव, डॉ लक्ष्मण, रामनाथ यादव, राजेन्द्र डहरिया, मनहरण नेताम सरपंच बरतोरी, पुरषोत्तम यादव, नरेश जायसवाल एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग)**
ईश्तहार /नोटिस/समंस
क्र./Q/ अ.वि.अ/ रीडर-1/2024
तखतपुर दिनांक 08/04/2025
अपील प्रकरण क्रमांक-202504075200012/ अ-23-अ/2024-25
आजु राम ध्रुव वगै. पिता दुखु राम निवासी ग्राम: उसलापुर, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग)। द्वारा द्वारा मुख्यारनामा खास सदन कुमार मांडवी पिता भुलउ राम मरावी निवासी खाल्लेपारा पुरानी बस्ती उसलापुर, तहसील सकरी जिला-बिलासपुर, (छ.ग).
विरूद्ध
सुरेन्द्र कुमार पिता श्री. तुलसी राम निवासी ग्राम: भनपुरी रायपुर, तहसील, व जिला-रायपुर (छ.ग). प्रति 1. श्री सुरेन्द्र कुमार पिता श्री. तुलसी राम निवासी ग्राम: भनपुरी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, (छ.ग.)
2. श्रीमती थापु बाई पति श्री. जसाराम निवासी ग्राम: राजेन्द्र नगर रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर, (छ.ग.) 3. श्रीमती कांता भोजासिया पिता श्री रविन्द्र भोजासिया 4. म.प्र कर्मचारी गृह निर्माण समिति अध्यक्ष मणिशंकर पिता हरी राम वर्मा 5. कुबेर सिंह पिता श्री. ददन सिंह 6. सत्यदेव पिता श्री. जगबधु 7. सुरेन्द्र कुमार पिता श्री. तुलसी राम 8. अशोक पिता श्री. आगरसाय 9. चैन बाई पात्रे पिता श्री. एम.एस पात्रे 10. भालचंद्र त्रिपाठी पिता श्री. राजेश्रवर प्रसाद त्रिपाठी 11. कृष्ण कुमार पिता श्री. गोरे लाल लहरे 12. सुरेश कुमार पिता श्री लल्लू राम 13 शबाहत अली खान पिता श्री. मनसब अली खान 14. मोनिका परस्ते पिता श्री मनोहर सिंह 15. प्रभाकर नारायण पासवान पिता श्री लाल किशुन पासवान 16. जीवन लाल पिता श्री. सुन्दरमण्ठी 17. सतीश साहू पिता श्री बहादुर साहू 18. मालिक राम दिवाकर पिता श्री. लेख राम दिवाकर 19. दीपक कुमार राय पिता श्री लोक नाथ राय 20. अनिल कुमार देवांगन पिता श्री नारायण प्रसाद देवांगन 21. प्राण बंधु पंडा पिता श्री. लक्ष्मण पंडा
अनावेदक क्रमांक 03 से 21 तक निवास उसलापुर, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
अपीलार्थी आजु राम ध्रुव वगै. पिता दुखु राम निवासी ग्राम:- उसलापुर, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग) निवासी द्वारा भूमि मौजा-उसलापुर प.ह.न. 60 खसरा नंबर 460, 458, 459, रकबा 0.40, 0.26, 0.01, ऐ. कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.67 ऐ. भूमि के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन जाति प्रमाण पत्र उच्च स्तरीय छानबीन समिति आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सेक्टर -4 रायपुर छ.ग प्रकरण कमांक-237/अ.ज.जा/208 आदेश दिनांक-10.01.2011 के द्वारा शंकर लाल डगला पिता श्री जसाराम एवं सुरेश डगला को भील अनुसूचित जनजाति का जारी किया गया गलत जाति प्रमाण पत्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त मानी जावे का आदेश पारित किया गया है के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील आवेदन पेश किया गया है।
अतः एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/04/2025 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क ...../अ-6-अ/2024-25
ग्राम-छतौना तहसील-सकरी,
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनाथ साहू, पिता स्व. परदेशी साहू, निवासी ग्राम छतौना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम छतौना, प.ह.नं. 37 तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 278 रकबा 0. 049 हेक्टेयर भूमि आवेदक रामनाथ साहू एवं मोंगरा बाई, राजकुमारी साहू के नाम पर दर्ज है। उक्त वाद भूमि खसरा नंबर 278/1 में रकबा 0.0001 अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने संबंधी आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 21/04/25 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।
आज दिनांक 03/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार सकरी

---

**आम सूचना**
मै अपने पक्षकार सुशील कुमार छाबड़ा उम्र - 59 वर्ष पिता स्व. प्रीतम लाल छाबड़ा निवासी-ग्राम-सिरगिट्टी, तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं उनके बताये अनुसार यह आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूँ कि, मेरे पक्षकार के द्वारा ग्राम-कोरमी, प.ह.नं. -23 रानिमं-बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-3/2 रकबा 0.68 एकड़ भूमि के संबंध में माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग. के समक्ष प्रथम अपील लंबित है जिसका अपील प्रकरण क्रमांक-एफ.ए. क्रमांक-315/2015 है एवं उक्त प्रकरण वर्तमान में माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष विचाराधीन हैं मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि, उपरोक्त भूमि पर एक अन्य पक्षकार हरप्रीत कौर के द्वारा विवादित भूमि पर रोड़ का निर्माण करवाकर विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि, उक्त भूमि के संबंध में माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर में मामला लंबित है।
अतः ग्राम-कोरमी, प.ह.नं.-23 रानिमं-बिलसापुर, तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर - 3/2 रकबा 0.68 एकड़ भूमि को यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक - संस्था, शासकीय एवं अर्धशासकीय एवं अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा उक्त वाद भूमि के संबंध में क्रय-विक्रय अथवा कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह स्वयं ही जिम्मेदार होवेंगा।
अस्तु सूचना जाने।
दिनांक- 09.04.2025 स्थान- बिलासपुर
**आवेदक-अशोक तिवारी (अधिवक्ता)**
**छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग.**
**कार्यालय/निवास- वार्ड नं.-14 गौरी गणेश कॉलोनी मंगला बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 495001 मो. न.-9039040115**

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर**
**ईश्तहार**
ग्राम सकरी म.न. 1
मा.क्र. 134 अ-6-अ/2024-2025
एतद् द्वारा आम जनता ग्राम घुरू, प.ह.नं. 61, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक कालिका प्रसाद काछी पिता रामभरोस काछी निवासी ग्राम घुरू तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम घुरू स्थित भूमि ख.न. 47/4 रकबा 1 एकड 4 डिसमिल में से रकबा 88 डिस्मिल रकबा आवेदक के दादा के नाम पर दर्ज है। जिसे सुधार करने हेतु धारा 15 छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 रिकार्ड दुरूस्त के तहत अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर में पेश किया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।
इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 22.04.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 08.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
तहसीलदार, सकरी

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/ना.तह./2025
सकरी दिनांक 28/3/2025
एदत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश भास्कर पिता स्व. रामभरोसे भास्कर निवासी वार्ड नंबर 19, सत्य नगर अमेरी बिलासपुर तहसील बिलासपुर छ.ग. ने स्वतः उपस्थित होकर वारिस प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु कलेक्टर बिलासपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो मुलतः जांच एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु इस न्यायालय को पत्र प्राप्त हुआ है।
उक्त आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण की अगामी सुनवाई दिनांक 15/4/2025 को नियत है। उक्त सुनवाई दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 28/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार, सकरी

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**
क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 4/4/20215
प्रति, 1. आवेदक दुर्गा प्रसाद चंदेल पि. शिव प्रसाद चंदेल आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. चन्द्रशेखर दुबे पि. हरिशंकर 3. सतानंद दुबे
विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक / तह./ ना.तह./वा./2024 बिलासपुर दिनांक 9/5/2025
ग्राम सरकण्डा प.ह.नं 32 रा.नि.मं. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 193/5 रकबा 0.0200 हे.के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका दुर्गा प्रसाद चंदेल पिता शिव प्रसाद चंदेल के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 9.05.25 को समय 11 से 5 बजे से किया जाना है। अतः उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक, सरकंडा

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग**
सीमांकन के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र
प्रति, आवेदक/आवेदिका फार्च्यून बिल्डकॉन द्वारा भागीदार पवन कुमार अग्रवाल आ. स्व. एसआर अग्रवाल आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी
उत्तर- फार्च्यून बिल्डकॉन दक्षिण- अमित अग्रवाल पूर्व-फार्च्यून बिल्डकॉन पश्चिम- फार्च्यून बिल्डकॉन
विषय- मौका जांच/सीमांकन के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भ- न्याया.नाय.तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क/तह/वा/2024 बोदरी दिनांक 25/11/2004
उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका फार्च्यून बिल्डकॉन द्वारा भागीदार पवन कुमार पिता/पति आ. स्व. एस. आर. अग्रवाल जाति .. निवासी क्रांतिनगर बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.न. 01 रा.नि.मं व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 12/2 रकबा 1.1180 हे. का सीमांकन किये हेतु न्याया. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 16/04/25 को 12.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
रा.नि.म. बोदरी
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सिरगिटटी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**
क्रमांक//सीमांकन/रा.नि./2024
दिनांक 07/01/25
आवेदक:- अरुण दानी पिता एस एन दानी आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1 सोगरा खातून 2 जुगल किशोर 3. कला बाई।
विषय- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क....../ तह./ना.तह./ वा....../2024 बिलासपुर दिनांक 27/01/25
ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1310/3 रकबा 0.011 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका अरुण दानी पि/पति एस.एन. दानी निवासी तिफरा जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1950 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
संदर्मित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 14.04.25 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दरतावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
राजस्व निरीक्षक सिरगिटटी
तहसील व जिला बिलासपुर

9-APR--REGNOL--pg-5-COMMAN_Layout 1 4/9/2025 11:57 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### रामनवमीं पर लगा भंडारा केन्द्रीय मंत्री हुए शामिल



**लोरमी।** प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमीं पूरे देश में बड़े ही हर्ष के साथ मनाई गई। इसी क्रम में शहर की सामाजिक टीम श्रीराम सेवा समिति की ओर से लगातार चतुर्थ वर्ष श्रीरामनवमी पर प्रसाद भंडारा का आयोजन गुरुद्वारा चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में किया गया मंदिर परिसर में सुबह से ही भीड़ लगी रही एवं भक्त हनुमान जी का दर्शन कर पूजा-अर्चना करते रहे। इस भंडारे कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू भी शामिल हुए। उन्होंने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश के लोगों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुकेश जायसवाल,अजय ,मनीष, दुर्गेश, विनोद, विक्की, सत्या, समर, कवि एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



**लोरमी।** संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन 8 अप्रैल से 16 अप्रैल तक खुशबू आदित्य वैष्णव, नंद किशोर वैष्णव के निवास तहसील चौक लोरमी सदन वार्ड 7 में किया जा रहा है। आयोजन के कथा व्यास पंडित रामदेव चतुर्वेदी वृंदावन है। कथा के पहले दिन वेदी स्थापना कर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्ग होते हुए महामाया मंदिर रानीगांव पहुंची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर खुशबू आदित्य वैष्णव, नंद किशोर धात्री, देवी वैष्णव, चंद्र किशोर, तारनी देवी वैष्णव, ज्योत्सना प्रकाश वैष्णव, श्याम किशोर, शारदा देवी वैष्णव, सुरेश कुमार अग्रवाल, आकाश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कथा में आज बुधवार को परीक्षित जन्म का वर्णन किया जाएगा। 10 अप्रैल को शिव-पार्वती विवाह, 11 को धुव्र चरित्र, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, 12 अप्रैल को वामन अवतार, श्रीराम अवतार श्रीकृष्ण जन्म, 13 अप्रैल को माखन चोरी, छप्पन भोग गोवर्धन पूजा, 14 अप्रैल को रूख्मणी विवाह, उद्धव संवाद, 15अप्रैल को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं 16 अप्रैल को हवन पूर्णाहुति व प्रसाद वितरण तथा भंडारे का अयोजन किया जाएगा।

### ज्ञानेश्वर बने सरपंच संघ के अध्यक्ष पदाधिकारियों का हुआ विस्तार



**लोरमी।** विखं के नवनिर्वाचित सरपंचों ने सोमवार को मंगलम भवन में बैठक आयोजित कर ने सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं संगठन के पदाधिकारियों का चयन किया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बोईरपारा के सरपंच ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय को अध्यक्ष एवं गनपत साहू व दुर्गा देवी डाहिरे को उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही नरेन्द्र ध्रुव सचिव, ईश्वरी जायसवाल सहसचिव, नारायण सिंह राजपूत कोषाध्यक्ष एवं प्रतिभा सुरेन्द्र साहू को कार्य अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा नारायण साहू, धनंजय माथुर, दरबारी साहू, अमर सिंह ध्रुव, ननकू भिखारी को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय ने कहा कि पंचायत के सभी सरपंचों को साथ लेकर चलेंगे एवं उनकी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष भी रखेंगे।

### आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए 93 का पंजीयन



**लोरमी।** आयुष्मान भारत आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत पंजीयन हेतु कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभात चंद्र प्रभाकर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में विखं के 70 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों का पंजीयन किया जा रहा है। योजना के तहत विखं लोरमी के शहरी क्षेत्रों में कुल 7 सौ 52 वरिष्ठ नागरिकों का वय वंदना कार्ड बनाया जाना है, जिसमें पूर्व में 132 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया जा चुका है। इसी क्रम में बुधवार 9 अप्रैल को 93 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया गया। कलेक्टर ने सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर भी अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीयन करा सकते हैं। योजना अंतर्गत समस्त 70 वर्ष या उससे अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख तक के निशुल्क स्वास्थ्य इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ जीएस दाऊ ने बताया कि राज्य के दिए गए लक्ष्य की प्रप्ति हेतु विखं के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया जा रहा है।

## मिट्टी से बने घड़ों की बढ़ी डिमांड

# तेज धूप से सड़कें वीरान, अस्पतालों में दिनोंदिन बढ़ रही मरीजों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

अंचल में तेज गर्मी पड़ने लगी है। दोपहर में तेज धूप से शहर की सड़के सूनी हो जाती है। अप्रेल माह के प्रथम सप्ताह से गर्मी पड़ने से लोग बेहाल हो रहे है। हवा बंद रहने और आसमान साफ होने से गर्मी अधिक महसूस हो रही है। गर्मी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग गर्मी से राहत दिलाने वाले उपकरण खरीद रहे हैं। मौसम के बदलने से अस्पतालों तथा निजी डाक्टरों के पास मरीजों की संख्या में बढोतरी हुई है।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर दोपहर 12 बजे के बाद वीरानी छा जाती है। सूर्य की तपिश बेहाल करने लगी है। सूर्य की तपन से लोग बचने के लिये तरह-तरह के जतन कर रहे है। गर्मी की मार से चेहरे को बचाने के लिए युवक-युवतियां विशेष ध्यान दे रही हैं। युवतियां तो हाथों में विशेष प्रकार के ग्लोब्ज, चेहरे पर रुमाल और चश्मा लगाकर घर से निकलती हैं। शीतलता देने वाले संसाधनों की मांग बढ़ी है। गर्मी के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दोपहर में सड़क सूनसान हो जाती है। सूर्य की तपन दिन ब दिन बढ़ने लगी है। लगातार बढ़ते तापमान का प्रभाव दिखने लगा है। गर्मी को देखते हुए लोग खान-पान में भी सतर्कता बरतने लगे हैं। शाम 4 बजे के बाद ही सड़को में चहल-पहल दिखती है, तो वही नगर के मेन रोड सदर बाजार में भी वीरानी छाई रहती है। शाम ढ़लते ही दुकानों में रौनकता आने लगती है। 5-6 दिनों से निरंतर तापमान बढ़ रहा है। गर्मी की वजह से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो गई है। पिछले तीन चार दिनो से क्षेत्र में पारा 40-42 डिग्री तक पहुंच गया है।



बाजार में बिक रहा देसी फ्रीज।

**घड़े की मांग ज्यादा**

ग्रामीणों के बीच आज भी मांग घड़े की मांग ज्यादा है। फ्रीज होने के बाद भी देसी मटके की मांग में कमी नहीं आई है। आज भी मिट्टी के बर्तन जिनमें घड़े, गमले सहित कई पात्र उपयोग करते है। पैतृक व्यवसाय से अपना जीवन यापन करने वाले कुम्हारों की आमदनी एक मात्र जरिया है। बाजार में बिकने वाला फल जायका बनाने के साथ बीमार भी कर सकता है, क्योंकि बाजार में इन दिनों कार्बाइट से पकाए हुए आम और केला बिक रहे हैं। गर्मी में गला तर करने के लिए लोग तरबूज को देखकर बरबस ही आकर्षित हो रहें है। तरबूज में भी इन दिनों रंगों की मिलावट खेल चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक अप्राकृतिक तरीके से पकाए फलों और रंगों का उपयोग शरीर के लिए फायदे की जगह नुकसानदायक हो सकता है। फल सब्जियों की खरीदारी करने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी हैं। लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से ना ही इनकी जांच की जा रही है ओर न ही इन पर कोई कार्रवाई की जा रही है।

**इलेक्ट्रानिक उपकरण भी फेल**

मैकेनिक सुनील ने बताया कि गर्मी की दस्तक ने लोगों को इलेक्ट्रानिक उपकरण ठीक कराने के लिए मजबूर कर दिया हैं। गर्मी का मौसम हम लोगों के लिए सीजन के रूप में देखा जाता हैं। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ते जा रहा है। देशी फ्रिज कहे जाने वाली मिट्टी का घड़ा घर-घर पहुंचने लगी है। इस बार सूर्य का रौद्र रूप मार्च माह में प्रारंभ हो गया। जिसके चलते गर्मी बढ़ने से घड़े की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। मटके के व्यापार से जुड़े कुम्भकारों ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष घड़े की कीमतों में दस प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घड़े का उपयोग करते है। सामान्यतरू अक्ती के समय से लोग घड़े का पानी पीते है। लेकिन इस बार गर्मी मे अप्रैल से घड़े बिकने लगे है। दुकानदारों ने बताया की मटका का मुख्य रूप से बड़ा बाजार में बिक्री होती है। मटके की मांग को देखते हुए बड़ा बाजार, कुम्हार पारा, पड़ाव चौक, खर्रीपारा सहित जगह-जगह मटका बेचने वाले दुकान खोलकर बैठे रहते है। गर्मी में ठण्डा पानी के लिए घड़े बनाने का काम जनवरी माह से शुरू हो जाता है।



सुशासन तिहार के दौरान शिकायतों का अवलोकन करते अफसर।

## पेंड्रा में सुशासन तिहार प्रारंभ पालिका अध्यक्ष रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

राज्य शासन की मंशा के उनुरूप 8 से 11 अप्रैल तक प्रदेश में सुसाशन त्यौहार मनाया जा रहा है।

समाधान शिविर का आयोजन 5 से 31 मई तक किया जाएगा, जिसके तहत समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसी कार्यक्रम के तहत बुधवार कोनपा पेंड्रा में इसकी शुरुआत की गई। सुसाशन तिहार कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशा अनुरूप ही इस कार्य को किया जा रहा है। इसके तहत नगर के लोगों से आवेदन लेकर उनकी समस्याओं सुना जाएगा। जिन समस्याओं का समाधान हमारे पास होगा उनका यहीं निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा अन्य समस्याओं के आवेदन संबंधित विभागों तक पहुंचा दिए जाएंगे, ताकि उन समस्याओं का निराकरण तय समय पर हो सके।

■ समय रहते आवेदनों का किया जाएगा निराकरण : जालान

गौरतलब है कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार कार्यक्रम के अवसर पर नपा अध्यक्ष राकेश जालान, सीएमओ अमलदीप मिंज, जयदत्त तिवारी सहित नपा पेंड्रा के कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने खाद्य शाखा का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित खाद्य शाखा का आकस्मिक निरीक्षण कर विभागीय कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन कार्ड निर्माण की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए कार्य करने के स्पष्ट निर्देश दिए।



खाद्य शाखा का निरीक्षण करते कलेक्टर।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप जरूरतमंदों को समय पर लाभ दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों के निपटारे, पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ पहुंचाने तथा आवेदन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव तथा जिला खाद्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## जिले के 1138 आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुपोषण पखवाड़े की शुरुआत

**मुंगेली।** पोषण अभियान के अंतर्गत जिले के 1 हजार 1 सौ 38 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 8 अप्रैल को सुपोषण पखवाड़ा का शुभारंभ डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जनसामान्य को पोषण, संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी संजूला शर्मा ने बताया कि सुपोषण पखवाड़ा के प्रथम दिवस पर सायकल, बाईक और वाक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को पोषण के महत्व, संतुलित आहार एवं साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा कुपोषण से मुक्ति हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को कुपोषण मुक्त समाज की शपथ भी दिलाई गई। इसी तरह 9 अप्रैल को जीवन के प्रथम 1 हजार दिवस गतिविधि, सुपोषण चौपाल, गर्भवती महिलाओं के लिए गोदभराई, रेडी टू ईट का उपयोग, स्थानीय व्यंजन खुर्मी एवं लड्डू का प्रदर्शन, 6 माह से 1 वर्ष के बच्चों का वृद्धिमापन एवं पोषण ट्रेकर में एंट्री आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं लोगों को स्वच्छता के बारे में जानकारी देते सही तरीके से हाथ धुलाई की विधि सिखाई गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।



सुपोषण पखवाड़ा में शामिल महिलाएं।

## छत्तीसगढ़ पेंशनर कल्याण संघ जिला इकाई की बैठक

**मुंगेली।** वरिष्ठ नागरिक संघ एवं छत्तीसगढ़ पेंशनर कल्याण संघ जिला इकाई की मासिक बैठक सियान सदन में हुई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य एमके जनार्दन ने की। बैठक में अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक संघ डीके सोलंकी ने बताया कि 23 मार्च को बेमेतरा में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में मुंगेली से पचास सदस्य सम्मिलित हुए थे।




बैठक में शामिल वरिष्ठ नागरिक

उक्त सम्मेलन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू थे। मासिक बैठक के अवसर पर अध्यक्ष पेंशनर कल्याण संघ सईद खान ने केन्द्र के बराबर लंबित महंगाई भत्ता 5 प्रतिशत की राशि को शीघ्र प्रदान करने की मांग राज्य सरकार से की। इस संगोष्ठी में पथरिया से पधारे हुए बद्री प्रसाद वर्मा ने बताया कि पथरिया में शीघ्र ही वरिष्ठजनों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। संघ के उप सचिव नंदन प्रसाद देवांगन ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि धारा ओन्चास पेंशनरों के देयक भुगतान में मप्र से अनुमति लेने के लिए बाध्य करती है, अर्थात इस धारा को शीघ्र ही विलोपित किया जाना चाहिए। कार्यकम का संचालन करते हुए सुभाष चन्द्र दीक्षित ने बताया कि भारतीय मूल की सुनीता विलियम का अमेरिका के नासा अंतरिक्ष अभियान में 9 माह 14 दिन अंतरिक्ष यान में रहकर पृथ्वी पर सकुशल वापस आना भारत के लिए गौरव पूर्ण महान उपलब्धि है। इसी तरह विनोद शुक्ला रायपुर निवासी को साहित्य का ज्ञान पीठ पुरस्कार प्राप्त होना छग के लिए उल्लेखनीय सम्मान है। इस बार मासिक सम्मेलन में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम नेहा सिंह, रोहित ध्रुव, अमित अहिरवार एवं आकाश यादव के द्वारा किया गया। जिसमें 30 बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम में आरपी जायसवाल, एचआर भास्कर, भैरो प्रसाद तिवारी, घनश्याम तिवारी, बद्री प्रसाद तम्बोली, शंकर सिंह राजपूत, एडी मानिकपुरी, प्रेमलाल यादव, जनकलाल साहू दशरथ सोनी, जीपी शर्मा, डीडी मानिकपुरी, कदम दास कोशले आदि सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति थी। संगठन की आगामी बैठक 5 मई को सियान सदन मुंगेली में आयोजित होगी।



### कन्या महाविद्यालय में मादक द्रव्यों के निवारण व रोकथाम पर कार्यशाला

**मुंगेली।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार मादक द्रव्यों के निवारण एवं रोकथाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं वक्ता सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ एमके राय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ प्राची सिंह ने की। इस कार्यक्रम में दिलीप कुमार बसंत काउंसलर के द्वारा मादक द्रव्यों के दुष्प्रभाव एवं उसे रोकने के उपाय के संबंध में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही काउंसलर ओम प्रकाश साहू ने तंबाकू नियंत्रण हेतु किया जाने वाले उपायों तथा इसके सेवन से हमारे शरीर में एवं मानसिक स्थिति में पढ़ने वाले विपरीत प्रभावों के संबंध में अपने विचार रखे। साथ ही साथ, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के रोकथाम के लिए शासन द्वारा किए जाने वाले प्रयासों तथा शासकीय नियमावली की छात्राओं को जानकारी दी। सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई, जो सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध लगाती हैं। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ एमके राय ने कहा कि हमारे स्टाफ के द्वारा नशा मुक्ति के खिलाफ गांव गांव में जाकर जनजागरण किया जा रहा है। आज युवाओं में मादक द्रव्यों के सेवन की प्रवृत्ति में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है, जिसके शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दुष्प्रभाव देखने के मिल रहे हैं।

## युवती का अश्लील वीडियो किया वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** युवती से स्नैपचैट पर की गई बातचीत को परिजनों को भेजने की धमकी देकर डरा धमकाकर पीड़िता का अश्लील विडियो स्नैपचैट के माध्यम से स्क्रीन रिकार्ड कर वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

बड़े शहरों की तर्ज पर जिले में आपराधी मोबाइल के जरिए अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। प्रार्थी के द्वारा लिखित आवेदन पेश किया कि 15 मार्च को उसकी भाभी के व्हाट्सएप पर मेरी लड़की का अश्लील स्नैपचैट वीडियो भेजा, जिसकी जानकारी उन्होंने मुझे घर आकर दी। साथ ही उन्होंने बताया कि आपकी लड़की का स्नैपचैट वीडियो रिकार्डिंग को किसी ने वायरल कर दिया है। पीड़िता पुत्री से इस विषय में पूछने पर उसने बताया कि 8 मार्च 2023 से वह बैहरसरी निवासी आदर्श सिंह से स्नैपचैट एवं फोन पर बातचीत करती थी। एक दिन आदर्श ने स्नैपचैट पर उसे कपड़ा उतार कर मुझे वीडियो काल करने को कहा। साथ ही उसने ऐसा नहीं करने पर स्नैपचैट की बातचीत वायरल करने की धमकी दी। इससे डरकर पीड़िता ने बिना कपड़ों के वीडियो कॉल किया, जिसकी रिकॉर्डिंग आदर्श ने अपने फोन में कर ली। इसके बाद वह पीड़िता का साथ शारिरिक संबंध बनाने की जिद करने लगा एवं मना करने पर वह पीड़िता के साथ आए दिन अश्लील गाली-गलौज करता था। पीड़िता ने पबताया कि करीब 2 वर्षों से दोनों की बातचीत बंद थी। इससे नाराज आदर्श सिंह अब अपने पीड़िता का आपत्तिजनक विडियो वायरल कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी आदर्श सिंह के विरूद्ध 7 अप्रैल को धारा 294,506,354 (क) (1) (पप) 12 पोक्सो एक्ट एवं 67-बी आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने पीड़िता एवं गवाहों का कथन लेकर आरोपी की लगाता शुरू की। सायबर सेल से तकनीकी साहायता के माध्यम से आरोपी आदर्श सिंह को हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने इस आपत्तिजनक कृत्य में उपयोग किए गए मोबाईल को विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपी आदर्श सिंह पिता राणा प्रताप सिंह उम्र 23 साल निवासी बैहसरी थाना दाढी जिला बेमेतरा विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## महत्वपूर्ण पर्वों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने पर दिया जोर

# कलेक्टर, एसपी ने ली राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक

**मुंगेली।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

बैठक में आगामी महावीर जयंती एवं डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती जैसे महत्वपूर्ण पर्वों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने इन महत्वपूर्ण त्यौहारों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने राजस्व एवं पुलिस विभाग के सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रूप से स्थापित किसी मूर्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही कलेक्टर ने कहा कि शासन-प्रशासन के प्रति आम जनता में विश्वास बना रहे। उन्होंने अपराधियों के विरुद्ध बॉन्ड ओवर की कार्रवाई करने तथा बांड ओवर के नियमों का उल्लंघन करने वाले अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रेत घाट स्थलों का चिन्हांकन करते हुए सभी अधिकारी निरीक्षण करें, यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से रेत डंप करके रखता है, उस पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने सभी तहसीलदारों को संबंधित विभाग के साथ जिले में अवैध रेत भंडारण, परिवहन एवं उत्खनन पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले में कोचियों-बिचौलियों द्वारा अवैध शराब की बिक्री की शिकायत पर संज्ञान में लेते हुए आबकारी विभाग के अधिकारी को संबंधित क्षेत्र का भ्रमण करके तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा हिट एंड रन मामले में हो रही कार्रवाई की सराहना की और इसे बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया।



बैठक में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी।

## नवोदय विद्यालय में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न



**मल्हार।** जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता मंगलवार 8 अप्रैल को संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में मप्र तथा छत्तीसगढ़ के 20 नवोदय विद्यालय से 1 सौ 72 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

रेफरी के रूप में जिला कबड्डी संघ के सचिव हरिवंश कस्तूरिया, लक्ष्मीनारायाण साहू, नद कुमार ध्रुव, मनोज सिदार ने अपनी सेवाएं दी। इस रोमांचक प्रतियोगित के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्या सुनीता देवी, विद्यालय के शिक्षक, प्रतिभागी छात्रों के संरक्षक सदस्य तथा बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के पीईटी किरण कुशवाहा और पीईटी राधेश्याम यादव का विशेष योगदान रहा। प्रभारी प्राचार्या ने समापन के अवसर पर सभी आगांतुक, संरक्षकों, रेफरी, विद्यार्थियों और विद्यालय के सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### अशांति फैलाने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू, चापड़ लहराकर अशांति फैलाने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर शहर में गुण्डा बदमाशों की थाने में क्लास लेकर अपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने की चेतावनी देकर छोड़ा जा रहा है। इसी तरह पुलिस अधिकारी मोहल्लों में चौपाल लगाकर क्षेत्र के लोगों से अपराधिक गतिविधियों की जानकारी लेकर कार्रवाई करने में लगी हुई है। 9 अप्रैल को तारबाहर पुलिस को सूचना मिली तारबाहर अंडरब्रिज के पास सार्वजनिक स्थान पर दो युवक चाकू रखकर आने जाने वाले रेलवेकर्मियों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर प्रदीप गोंड़ पिता रघुमणी गोंड़ आवासपारा सिरगिट्टी, विकास बंजारे पिता रिद्धराम बंजारे आदर्शनगर सिरगिट्टी निवासी को पकड़कर दो नग चाकू बरामद किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने तालापारा मिनीमाता नगर निवासी अरूण लहरे पिता स्व. राजाराम लहरे 22 साल को चापड़ रखकर लोगों को डराते धमकाते पकड़ा गया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### छेड़खानी व लूट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ढाबा में आतंक मचाते हुए युवती से छेड़खानी कर मारपीट व एक युवक से लूट करने के मामले में फरार युवक को पुलिस ने 7 माह बाद पकड़ पाई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 2 अक्टूबर 2024 को लड़की लड़का खाना खाने काली ढाबा गए थे। युवती वाशरूम जा रही थी। इसी दौरान राजकिशोर नगर देविका विहार कालोनी निवासी अंकित सिंह ठाकुर पिता अजय सिंह ठाकुर 23 साल व उसके दोस्त युवती से छेड़खानी करने लगे। युवती साथ गए युवक ने विरोध किया तो अंकित एवं उसके दोस्तों ने गुण्डागर्दी करते हुए बेरहमीपूर्वक युवक व युवतियों के साथ मारपीट की गई थी। सोशल मीडिया में मारपीट की वारदात जोरों से वायरल हुई थी। ढाबा से निकलने के बाद उक्त युवकों ने रास्ते में रामावैली निवासी वेदांत शुक्ला से मारपीट कर लूटपाट की थी। 7 माह फरारी काटने के बाद 9 अप्रैल को पुलिस ने आरोपी अंकित सिंह ठाकुर को गिरफ्तार किया है।

### दुकान व मकान में चोरी दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दुकान व मकान में चोरी करने दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का सामान जब्त कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, 11 जनवरी 2025 को निराला नगर निवासी दौलतराम चौधरी अपनी पुराना बस स्टैण्ड स्थित दुकान बंदकर घर चले गए थे। देर रात चोरों ने उनकी दुकान से मोबाइल, घड़ी व नकद रकम चोरी कर लिया। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर टीआई विवेक पाण्डेय, गोकुल जांगड़े, नुरूल कादिर, धीरेन्द्र सिंह ने देवरीखुर्द निवासी दुर्गेश घोरे पिता राकेश घोरे 22 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने श्री चौधरी की दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी गया एक मोबाइल बरामद किया गया है। उसने एक मोबाइल व घड़ी रेलवे स्टेशन में एक व्यक्ति को बेचकर पैसा खर्च कर देना बताया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 4 अप्रैल 2025 को जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी मीना सिंह ठाकुर के घर में चोरी हो गई थी। पुलिस ने बिरकोना निवासी राहुल सिंह ठाकुर पिता स्व. नरेश सिंह ठाकुर 29 साल को पकड़कर चोरी गया गैस सिलेण्डर, चावल, प्लास्टिक की कुर्सी बरामद किया है।

जलने के बाद
पुन:निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# सिग्नल बंद, नर्मदा नगर चौक पर चरमराई यातायात व्यवस्था



सिग्नल फेल: नर्मदा नगर चौक पर रोज लग रहा जाम। परेशान हो रहे लोग।

**बिलासपुर।** शहर के चौक चाराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल भगवान भरोसे चल रहे हैं। कुछ स्थानों पर चौक में सिग्नल लंबे समय से बंद है, तो कहीं सिग्नल चलते चलते अचानक ही बंद हो जा रहे हैं।

बुधवार की सुबह नर्मदानगर चौक का सिग्नल अचानक बंद हो गया। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई। चारों ओर से वाहनों का प्रवेश होने से ट्रैफिक जाम हो गया, जिससे तपती धूप में लोग जाम में फंसकर हलाकान होते रहे। शहर में सुगम यातायात व्यवस्था

- चिलचिलाती धूप में परेशान होते रहे शहरवासी

बनाने के लिए शहर के चौक चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है, लेकिन उचित देख रेख के अभाव में इंदु चौक, महाराणा प्रताप चौक, मगरपारा, राजीव गांधी चौक, फारेस्ट आफिस चौक सहित अन्य जगहों के ट्रैफिक सिग्नल लंबे अरसे बंद पड़े हैं। जिन चौक चौराहों पर सिग्नल चल रहे हैं, वो अचानक कब बंद हो जाएं इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसके बाद ट्रैफिक व्यवस्था बेलगाम हो जाती है। बुधवार को सुबह 11 बजे नर्मदा नगर चौक में चल रहे ट्रैफिक सिग्नल की लाईट अचानक बंद हो गई। इस समय चौक में ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। चारों ओर से वाहनों के प्रवेश करने से ट्रैफिकजाम हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। हैरत की बात यह है कि काफी समय बाद भी व्यवस्था सुधारने ट्रैफिक पुलिस दूर दूर तक नजर नहीं आई। तपती धूप में लोग जाम में फंसकर हलाकान होते रहे है। घण्टो मशक्कत के बाद आवागमन सामान्य हो पाया।

### 1 अमेरी चौक में किन्नरों का कब्जा

पिछले कुछ समय से अमेरी चौक में शाम 6 बजे के बाद किन्नरों का कब्जा हो जाता है। चौक के चारों ओर किन्नर खड़े हो जाते है। रेड सिग्नल में वाहन रूकने पर उनके द्वारा लोगों से पैसे की मांग की जाती है। नहीं देने पर जोर जबरदस्ती किया जाता है। किन्नरों की हरकतो से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### 2 महाराणाप्रताप चौक से नहीं हटा फल ठेला

महाराणाप्रताप चौक में सड़क किनारे फल ठेला लगा लिया गया है। यह ठेला सुबह से देर रात तक खड़ा रहता है। आलम यह है कि गौरवपथ से महाराणाप्रताप चौक से जाने वाले वाहन सवारों को ठेला लगने व आटो खड़े होने से लेफ्ट साइड जाने की जगह नहीं मिल पाती। मजबूरी में लोगों को तपती धूप में खड़ा होकर हलाकान होना पड़ता है।

## सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कपड़े का कारोबार तक हो रहा

# 4 करोड़ में बने थे शहर में फुटपाथ, सभी पर कब्जा, निगम की टीम पहुंची, हंगामा-विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने और पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए शहर की प्रमुख सड़कों पर 4 करोड़ में फुटपाथ का निर्माण कराया गया था। इसमें से अधिकांश फुटपाथों पर कब्जा हो गया है। यह एक ऐसी समस्या है, जो वर्षों से चली आ रही है और अभी तक इसका कोई उपयुक्त समाधान नहीं खोजा जा सका है। दुकानदारों का सामान दुकानों में कम बल्कि फुटपाथ पर अधिक रखा जाता है, जिसे देखकर ऐसा लगता है जैसे फुटपाथ आमजन के लिए नहीं बल्कि दुकानदारों के लिए बनाया गया है। यहां तक की पीली लाइन के पार भी सामान रखा जाने लगा है। शहर में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा जहां पर बने फुटपाथ पर कब्जा न हो। इन फुटपाथों पर सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कपड़े का कारोबार तक हो रहा है। निगम की टीम लगातार इस पर कार्रवाई कर रही है लेकिन दुकानदार मानने को तैयार नहीं है।

- शाम को लगभग सभी सड़कों पर यातायात का दबाव, ऐसे में सड़क पर वाक करना संभव नहीं

ज्यादातर फुटपाथों पर अस्थाई दुकानें चलने लगी हैं। नेहरू चौक से मंगला चौक तक भी सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर कब्जा हो गया है। इस मार्ग में फुटपाथ पर अवैध रूप से 100 से ज्यादा दुकानों का संचालन हो रहा है। निगम की टीम ने बुधवार को यहां अभियान चलाया गया। खास तौर पर शेफर स्कूल के सामने से लेकर मुंगेली नाका चौक तक पीली लाइन के पार भी दुकानदारों ने सामान रख दिया था। इनके सामानों की जब्ती के साथ ही चेतावनी दी गई। यहां लगाए गए ठेलों को हटाया गया। दरअसल सुबह के समय तो सड़क में भीड़ नहीं होने की वजह से फुटपाथ की आवश्यकता इतनी महसूस नहीं होती है। शाम को वाक करने वालों को दिक्कत होती है। शाम के समय लगभग सभी सड़कों पर यातायात का दबाव रहता है। ऐसे में सड़क पर वाक करना संभव नहीं हो पाता है।





शनिचरी बाजार में अतिक्रमण हटाया गया।

### टाउन हाल और कलेक्टोरेट के पास भी कब्जा

टाउन हाल के सामने की फुटपाथ पर कब्जा हो चुका है लेकिन इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। समस्त सरकारी विभाग इसी रोड पर स्थित कलेक्टोरेट, एसपी कार्यालय, जिला न्यायालय, कंपोजिट भवन के साथ अन्य सरकारी विभाग संचालित हो रहे है लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी फुटपाथ को कब्जा मुक्त बनाने का प्रयास नहीं कर रहा है।

### फुटपाथों पर वाहन पार्किंग

<B>इसके साथ ही कलेक्टोरेट के सामने, जिला कोर्ट के सामने, मंगला चौक के पास, लिंक रोड में सत्यम चौक से लेकर अग्रसेन चौक तक, तारबहार, गांधी चौक, तेलीपारा रोड में बने फुटपाथों पर वाहन पार्किंग हो रही है। जिससे लोगों की आवाजाही में बाधा पहुंचती है। उन्हें वापस सडक़ पर उतरकर वाहनों के साथ-साथ चलना पड़ता है।

### यह है कब्जे की हालत

सीएमडी कॉलेज चौक से विद्या नगर की ओर जाने वाले रोड की टर्निंग पर होटल वाले का कब्जा है। इसी मार्ग पर आगे कई अन्य दुकानदार अपना सामान रखने के लिए उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। तारबाहर चौक के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक स्थल की बाउंड्री पर अतिक्रमण हो चुका है। तालापारा में बनाए गए फुटपाथ के अधिकांश हिस्से में दुकानदार काबिज हो चुके हैं। ताला पारा क्षेत्र में कभी सड़क के दोनों ओर लोगों की आमदरफ्त के लिए चौड़े-चौड़े फुटपाथ हुआ करते थे, अब रोड ही संकरी हो गई है। रिंग रोड नंबर- 2 में पेट्रोल पंप के पास सुलभ शौचालय के बाजू में फुटपाथ पर एक व्यक्ति ने घर की सीढ़ियां बनवा ली हैं। सरकंडा में पाटलीपुत्रा समिति द्वारा बनाए गेट पर भी अतिक्रमणकारियों की नजर है। गेट के पिलर को कब्जे में लेते हुए वहां दुकान खोल दी गई। श्रीकांत वर्मा मार्ग के किनारे बनाए फुटपाथ को खुद निगम ने ही नाले की सफाई के लिए तोड़-फोड़ डाला। इसी मार्ग पर साईं मंदिर के सामने जगह-जगह फुटपाथ पर इस तरह दुकानदारी शुरू हो गई है। साइंस कॉलेज व जरहाभाठा रोड पर भी यही नजारा देखने को मिलता है। राजेंद्र नगर स्कूल के सामने तो लोग अब फुटपाथ पर कार और दो पहिया वाहन पार्क करने लगे हैं।

### शनिचरी में जमकर मचा हंगामा

मंगला चौक से नेहरू चौक तक, शनीचरी बाजार से लेकर, शेफर स्कूल के सामने, पुराने बस स्टैंड में अभियान चलाया गया। विवाद और हंगामा भी होता रहा। सबसे अधिक विवाद शनिचरी बाजार में हुआ। यहां दोना पत्तल बेचने वालों ने निगम की पानी टंकी के पास कब्जा करते हुए जाली बना लिया था। इसी जाली में सामान रखा जाने लगा। निगम की टीम इसे तोड़ने पहुंची तो विवाद होने लगा। निगम ने बांस बल्ली तोड़ते हुए सामान की जब्ती बनाई है। इसके साथ ही शनिचरी के मटन मार्केट में बनाए गए अवैध दुकान को भी तोड़ा गया। शनीचरी बाजार में बाल्मिकी चौक के पास लगाए गए फल ठेले वालों को हटाया गया। जिला अस्पताल गेट पर गिए गए अतिक्रमण को हटाया गया। सीएमडी चौक के पास से कब्जा हटाया गया।

### फुटपाथ पर चौपाटी कल्चर

इसके साथ ही संजय तरण पुष्कर से 27 खोली मोड़ तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर दो दर्जन से ज्यादा फास्ट फूड की दुकानें सजती हैं। वहीं फल ठेले वालों का भी कब्जा है। ऐसे में यहां रुकने वाले लोग सड़क पर ही वाहन खड़ी करते हैं। इससे यातायात भी प्रभावित होता है। इसकी वजह से शाम के समय बार बार जाम की स्थिति बनती है। इसके साथ ही दूसरे दुकानदार भी अपना सामान फुटपाथ पर रखकर व्यापार करते हैं। वहीं कई बड़े होटल, अस्पताल भी फुटपाथ का निजी उपयोग कर रहे हैं। इनके प्रतिष्ठान के दरवाजे फुटपाथ पर ही खुलते हैं। खासतौर से 27 खोली मोड़ से लेकर मंगला चौक तक सड़क की दोनों ओर की फुटपाथ पर दुकानदारों को कब्जा है।

## अलग-अलग सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत

**बिलासपुर।** अलग अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, ग्राम भाड़म निवासी चैन सिंह सिंगौर 8 अप्रैल को सुबह 5 बजे घर से बाइक क्रमांक सीजी 10 यू, 8117 में घर से निकलकर नेशनल हाइवे की ओर जा रहे थे। सैदा ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। सूचना पर परिजन उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। दूसरी घटना में रतनपुर क्षेत्र के नेवसा निवासी मेडिकल दुकान संचालक गौतम साहू 8 अप्रैल की रात 8 बजे दुकान बंद कर धर जा रहे थे। रात 10 बजे जाली बिजली सब स्टेशन के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सामने से शत्रुहन लाल धीवर पैदल आ रहे थे। जाली की ओर से जा रहे बाइक क्रमांक सीजी10 बीव्ही, 7673 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए शत्रुहन धीवर को टक्कर मार दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामले में वाहन चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## शिक्षक से 1 लाख 63 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** मोबाइल में लिंक भेजकर शिक्षक से 1 लाख 63 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, लोहर्सी निवासी सेवक राम साहू शासकीय स्कूल बोहारडीह में शिक्षक हैं। 16 मार्च 2024 की सुबह करीब 7.30 बजे उनके मोबाइल में मैसेज से लिंक आया। उनके द्वारा टच करने पर आगे और फार्म खुलता गया, उनके द्वारा अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड और अन्य दस्तावेजों की एवं ओटीपी की जानकारी दे दिया गया। 20 मार्च को वह अपने दोस्त को पैसा ट्रांसफर कर रहे थे तो उनके बैंक खाते में बैलेंस नहीं था। उन्होंने बैंक जाकर बैलेंस की जानकारी ली तो पता चला अलग अलग किश्तों में 1 लाख 63 हजार 34 हजार रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर होना बताया गया। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# ओपन यूनिवर्सिटी से बाहर हो जाएंगे पुराने 27 अतिथि प्राध्यापक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में कार्यरत पुराने 27 अतिथि प्राध्यापकों पर सेवा समाप्ति का खतरा मंडराने लगा है। यूनिवर्सिटी ने सेल्फ फायनेंस तहत अस्थाई रूप से भर्ती के लिए 40 पदों का विज्ञापन निकाला है और आवेदन मंगाए हैं। इसके लिए जो आरक्षण रोस्टर बनाया गया है, उससे भी पुराने अतिथि प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे।

- सेल्फ फायनेंस के तहत विज्ञापित किए गए 40 पद

ओपन यूनिवर्सिटी के इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर शासन द्वारा बनाई गई अतिथि शिक्षक नीति की अवहेलना का आरोप लगने लगा है। अतिथि प्राध्यापकों के अनुसार यूनिवर्सिटी द्वारा अतिथि प्राध्यापक नीति की अवहेलना कर संविदा पद के लिए विज्ञापन निकाला गया है। राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि पूर्व में कार्यरत अतिथि शिक्षक की योग्यता यूजीसी के नियमों के अनुसार पूरा करते हैं, उन्हें यथावत रखा जाएगा। इसके बावजूद विगत कई सालों से कार्यरत अतिथि शिक्षकों की भर्ती में अपने पसंदीदा लोगों को लेने के लिए विभागाध्यक्षों द्वारा अपने हिसाब से रोस्टर बनाया गया है। इससे पूर्व में कार्यरत बहुत से अतिथि शिक्षकों की नौकरी चली जाएगी। इन अतिथि शिक्षकों को विगत एक वर्ष से पुराने वेतन दर से ही भुगतान किया जा रहा है यह भी उच्च शिक्षा नीति का अवहेलना है। अतिथि शिक्षक नीति के तहत चार घंटे कार्य का प्रावधान है जबकि यूनिवर्सिटी सात घंटे से अधिक कार्य करवाता है।

यूनिवर्सिटी नए सिरे से भर्ती की कर रही तैयारी



### अतिथि व्याख्याता नीति में स्पष्ट प्रावधान

शासकीय कालेजों एवं राजकीय यूनिवर्सिटी में पूर्व से अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्यरत श्रेणी एक, दो व तीन के पदों को रिक्त नहीं माना जाएगा एवं वे यथावत कार्य करते रहेंगे। अतिथि व्याख्याता नीति 2024 अनुसार सभी लाभ प्राप्त करेंगे। अतिथि व्याख्याता एवं अन्य के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता यूजीसी विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। विनियम 2018 के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

### विज्ञापन जारी किया गया

ओपन यूनिवर्सिटी में अभी किसी अतिथि शिक्षकों को नहीं निकाला जा रहा, किन्तु संविदा सहायक प्राध्यापकों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया है। उसके तहत नए भर्ती हो जाने पर पहले वाले अतिथि प्राध्यापकों की सेवा समाप्त हो जाएगी। जहां तक आरक्षण रोस्टर वाली बात है तो आरक्षण रोस्टर के सौ बिन्दुओं को पालन करते हुए आरक्षण रोस्टर बनाया गया है।

**-भुवन सिंह राज** रजिस्ट्रार, पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी

-: शोक संदेश :-
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक:।
न चैन क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूत:।।

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
श्रीमती त्रिवेणी मूंदड़ा
का आकास्मिक निधन दिनांक 09/04/2025 दिन बुधवार को गया है जिनका अंतिम संस्कार दयालबंद मुक्ति धाम में दिनांक 10/04/2025 को सुबह 10 :00 बजे किया जाएगा।
स्व. श्रीमती त्रिवेणी मूंदड़ा
शोकाकुल
विष्णुगोपाल मुंदड़ा पति
भारत मुंदड़ा, अनिल मुंदड़ा पुत्र, मोहित मुंदड़ा पौत्र,
प्रिया मुंदड़ा, विद्या मुंदड़ा, वारुणी मुंदड़ा सुपौत्री एवं समस्त मुंदड़ा परिवार

### कोचिया से 45 लीटर शराब जब्त

**बिलासपुर।** अवैध शराब के गढ़ नगाराडीह में पुलिस ने दबिश देकर मात्र एक कोचिया को पकड़ा है। उसके पास से 45 लीटर महुआ शराब बरामद की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# अपोलो के फर्जी डॉक्टर मामले में कांग्रेस नेताओं ने की जांच की मांग

**बिलासपुर।** छग के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल की अपोलो अस्पताल में कार्डिऑक सर्जरी के बाद हुई मौत और फर्जी डिग्रीधारी कार्डियोलॉजिस्ट नरेन्द्र विक्रमादित्य की सेवाएं लेने के मामले को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिलकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, विधायक दिलीप लहरिया, सियाराम कौशिक, रश्मि सिंह, प्रमोद नायक, राजेन्द्र साहू, जगदीश कौशिक आदि ने अपोलो प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि अपोलो में डॉ. नरेन्द्र विक्रमादित्य को नौकरी पर रखते समय उनकी डिग्री और पूर्व के अनुभव संबंधी दस्तावेजों की जांच पड़ताल क्यों नहीं कराई गई। ज्ञापन में तत्कालीन आईएमए अध्यक्ष की रिपोर्ट को दबाकर लीपापोती करने वाले तत्कालीन बिलासपुर सीएमएमओ और डॉ. प्रताप रेड्डी चेकयरमेन अपोलो ग्रुप, प्रीथा रेड्डी एक्जीक्यूटिव चेयरमेन अपोलो ग्रुप, डॉ. मनीष मट्टू रिजनल हेड अपोलो अस्पताल ग्रुप, अर्णव राहा यूनिट हेड बिलासपुर अपोलो अस्पताल, फर्जी डॉक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई जाए और मुकदमा चलाया जाए।



### कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज ने कार्रवाई की मांग

कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज ने फर्जी डाक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य के विरुद्ध कार्रवाई एवं पं. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल की मृत्यु की विशेष जांच की मांग की। समिति ने आज कलेक्टर अवनीश शरण एवं आई जी पुलिस संजीव शुक्ला से भेंट कर इसकी जांच की मांग अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित, सचिव मनोज शुक्ला, उपाध्यक्ष राजीव अवस्थी, कोषाध्यक्ष प्रभात मिश्रा के साथ कार्यकारणी सदस्य पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी व अन्य सदस्यों ने की है। कलेक्टर ने इस पर शीघ्र हाइ पावर कमेटी बना कर जांच करने की बात कही है।

### सभी डाक्टरों की डिग्री सार्वजनिक करें

पूरे बिलासपुर संभाग के लोग उच्चस्तरीय सुविधा और अच्छे इलाज के मामले में अपोलो अस्पताल पर आंख बंदकर भरोसा रखते थे लेकिन फर्जी डिग्री कांड ने जनता का भरोसा तोड़ दिया है। अपोलो अस्पताल प्रबंधन द्वारा लोगों के साथ विश्वासघात किया है। मौजूदा समय में अपोलो अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों की डिग्री की जांच कर उन्हें सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

**-विजय केशरवानी**
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई, 15 जुलाई से 25 जुलाई,
27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री नि:शुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411